INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28


Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-175 | सांध्य दैनिक | मथुरा, गुरुवार, 20 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## अड़ीग बनेगा जिले का पहला सौर गांव,एक करोड़ से होंगे काम

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र की ग्राम पंचायत अड़ीग को जिले का पहला सौर गांव बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। गांव के प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा से जोड़ने के साथ बिजली की जरूरत को स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने की योजना तैयार की गई है। इस कार्य पर करीब एक करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि से गांव में सौर ऊर्जा से जुड़े विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

सौर गांव योजना के तहत अड़ीग के घरों को सौर प्रकाश व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों को सौर ऊर्जा आधारित



उपकरणों का लाभ दिलाया जाएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं गांव में सर्वे करेंगी। इसमें ऐसे ग्रामीणों की जानकारी जुटाई जाएगी, जो सौर चक्की और सौर ट्यूबवैल लगवाने के इच्छुक हैं। सर्वे के

### हर घर सौर ऊर्जा से जुड़ेगा सोलर चक्की और ट्यूबवैल भी लगाए जाएंगे

### ग्रामीणों को सर्वे के बाद मिलेंगी सोलर ऊर्जा आधारित सिस्टम की सुविधा

आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। गांव को सौर ऊर्जा से पोषित करने के लिए बसुधा फाउंडेशन की ओर से भी जल्द कार्य शुरू किए जाने की तैयारी है। संबंधित विभागों के समन्वय से गांव में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

नेडा विभाग ने इस संबंध में कार्ययोजना तैयार कर ली है। योजना का प्रमुख उद्देश्य गांव में बिजली पर निर्भरता कम करना और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। इससे ग्रामीणों को घरों में प्रकाश के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत मिलेगा। सौर चक्की और सौर ट्यूबवैल लगने से ग्रामीणों को छोटे स्तर पर रोजगार और कृषि संबंधी कार्यों में भी सुविधा मिलेगी। सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। अड़ीग को सौर गांव के रूप में विकसित किए जाने के बाद यह मॉडल जिले के अन्य गांवों के लिए भी उदाहरण बन सकता है। यदि योजना सफल रहती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

उप्र. नेडा (उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण) के सहायक निदेशक एसके वर्मा ने बताया कि अड़ीग गांव को सौर गांव बनाने की कार्य योजना बनाई गई है। बसुधा फाउडेशन को यह काम कराना है। केंद्र सरकार गांव के हर घर को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराएगी।

## सीडीओ को वृंदावन के अस्पताल की सफाई व्यवस्था मिली बदहाल



वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों से जानकारी लेतीं सीडीओ डा. पूजा गुप्ता।

**यूनिक समय, मथुरा ।** सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने गुरुवार सुबह 9:20 बजे वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंजीयन व्यवस्था, बाह्य रोगी विभाग, आकस्मिक विभाग, रसोई और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया।

सीडीओ ने सबसे पहले पंजीयन काउंटरों का निरीक्षण किया गया। उस समय तक 70 मरीजों का पंजीयन हो चुका था, अन्य मरीज पंजीयन के लिए कतार में खड़े थे। इसके बाद बाह्य रोगी विभाग का निरीक्षण किया गया। नाक, कान-गला रोग विभाग में चिकित्सक

### सीढ़ियों,वार्ड और शौचालय में मिली गंदगी सुधार के दिए निर्देश

### रसोई में तय मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

उपस्थित मिले। हालांकि कई ओपीडी कक्षों में गंदगी मिली। सीडीओ ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को नियमित और गुणवत्तापूर्ण सफाई कराने के निर्देश दिए।

### आकस्मिक विभाग के शौचालय में भी मिली गंदगी

आकस्मिक विभाग के निरीक्षण में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी उपस्थित मिले। इमरजेंसी वार्ड के शौचालय का दरवाजा टूटा हुआ था, डस्टबिन बेहद गंदी मिली। शौचालय में अत्यधिक गंदगी मिलने पर सीएमएस और सफाई के लिए अनुबंधित संस्था के प्रबंधक को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन व्यवस्था से जुड़े कार्य भी लंबित पाए गए। यह कार्य यूपीसीडीएफएल के माध्यम से कराया जाना है, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरा नहीं हुआ। सीडीओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था से व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

### रसोई में तय मेन्यू के अनुसार नहीं बना भोजन

सीडीओ ने अस्पताल की रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची, जो निर्धारित आहार मेन्यू के अनुसार तैयार नहीं मिला। सीएमएस को रसोई के अंदर और बाहर साप्ताहिक मेन्यू प्रदर्शित करने, गुणवत्तापूर्ण भोजन और ब्रांडेड खाद्य तेल के उपयोग के निर्देश दिए गए। प्रतिदिन पौष्टिक आहार शामिल करने और भोजन की नियमित जांच कराने को कहा गया। अस्पताल की सीढ़ियों, वार्डों और अन्य स्थानों पर भी जगह–जगह गंदगी मिली। सीडीओ ने सफाई संस्था पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए पूरे अस्पताल में नियमित और गुणवत्तापूर्ण सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. राधा बल्लभ, सीएमएस डॉ. वंदना अग्रवाल सहित चिकित्सालय का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सांसद हेमामालिनी के लेटर हेड और हस्ताक्षर के दुरुपयोग की जांच शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** सांसद हेमामालिनी के नाम, लेटरहेड और कथित हस्ताक्षर के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि जालसाजी कर उनके लेटरहेड का इस्तेमाल पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर को आवास आवंटित कराने की सिफारिश के लिए किया गया। मामले में सांसद के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने थाना सदर बाजार में नामजद आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर के कार्यालय से सीवी सिंह के माध्यम से यह मामला सांसद हेमामालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा के संज्ञान में आया। आरोप है कि अशोक गुप्ता नामक व्यक्ति ने सांसद हेमामालिनी के लेटरहेड का इस्तेमाल करते हुए आवास आवंटन से संबंधित

### आवास आवंटन की सिफारिश के लिए फर्जी पत्र इस्तेमाल करने का आरोप, सांसद प्रतिनिधि ने दर्ज कराई शिकायत

पत्र तैयार कराया। जनार्दन शर्मा ने पुलिस को बताया कि सांसद हेमामालिनी ने आवास आवंटन से संबंधित किसी पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और न ही उनकी ओर से ऐसा कोई पत्र जारी किया गया। सदर बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कथित फर्जी पत्र तैयार करने वाले व्यक्ति, उसके इस्तेमाल और मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जमुनापर पुलिस ने युवक को गांजा सहित पकड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने चेकिंग के दौरान 405 ग्राम अवैध गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया। बुधवार देर रात्रि को सिहोरा रोड से लोहवन की ओर जाने वाले रास्ते से अभियुक्त रणजीत उर्फ रंजीत निवासी ग्राम जतीपुरा थाना गोवर्धन हाल निवासी तैयापुर जमुनापार को पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गिरफ्तार किया है।

## गूगल से डॉक्टर का नंबर लिया बुजुर्ग के खाते से 2.75 लाख पार

**यूनिक समय, मथुरा।** गूगल पर डॉक्टर का मोबाइल नंबर खोजकर अपॉइंटमेंट लेना एक बुजुर्ग को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह के नाम से फर्जी नंबर गूगल पर डाल रखा था। इस नंबर पर कॉल करने के बाद ठगों ने अपॉइंटमेंट के नाम पर पांच रुपये ऑनलाइन जमा कराने को कहा। प्रक्रिया पूरी कराने के बाद बुजुर्ग के बैंक खाते से करीब 2.75 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित के अनुसार, 11 अगस्त को उन्हें डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह से परामर्श लेना था। उन्होंने गूगल पर डॉक्टर का संपर्क नंबर खोजा और दिए गए नंबर पर कॉल की। सामने वाले ने खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताया। अपॉइंटमेंट के लिए उसने व्हाट्सएप पर नाम, उम्र और तारीख भेजने को कहा। इसके बाद टोकन नंबर जारी करने के नाम

### अपॉइंटमेंट के नाम पर पांच रुपये की फीस जमा कराने के बहाने साइबर ठगों ने दिया वारदात को अंजाम

पर पांच रुपये की ऑनलाइन फीस जमा कराई गई। कुछ देर बाद ठग ने सर्वर डाउन होने की बात कहते हुए 17 अगस्त को सीधे अस्पताल पहुंचने और वहां दिनेश का नाम लेने को कहा। बुजुर्ग अस्पताल पहुंचे तो कर्मचारियों ने दिनेश नाम के किसी व्यक्ति और ऑनलाइन बुकिंग से इनकार कर दिया। घर लौटने पर बैंक खाते से 2.75 लाख रुपये निकलने का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

## बारिश में कार को डीसीएम ने मारी टक्कर, दंपति सुरक्षित

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार तड़के बारिश के दौरान कार और डीसीएम की भिड़ंत हो गई। हादसा माइलस्टोन–63 के पास करीब तीन बजे हुआ। कम दृश्यता के कारण पीछे से आ रहे डीसीएम चालक को आगे चल रही कार दिखाई नहीं दी और उसने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि कार सवार दंपति और डीसीएम चालक सुरक्षित रहे। सूचना मिलने पर बाजना कट चौकी प्रभारी हरेंद्र तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आगरा से नोएडा जाने वाले मार्ग पर दोनों क्षतिग्रस्त वाहन मिले। पुलिस के अनुसार महिंद्रा बीई–6 कार में ग्रेटर नोएडा निवासी मैत्रेय बुद्ध मिश्रा पत्नी कनिका मिश्रा के साथ सवार थे। वहीं डीसीएम को औरैया निवासी रवि चला रहा था। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटवाकर यार्ड में खड़ा कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो गया। बारिश में वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।



# 67 हजार बुजुर्गों को सरकारी पेंशन का इंतजार


पेंशन की जानकारी को राजीव भवन में मौजूद वृद्ध महिलाएं।

## सत्यापन की वजह से हो रही देरी

समाज कल्याण विभाग प्रति वर्ष पेंशन धारक वृद्धों का सत्यापन कराता है, यह काम अप्रैल और मई के दौरान होता है, जिससे मृतक और अपात्र को चिन्हित किया जा सके। जिले में यह काम बीते माह कुछ देरी से हो चुका है, करीब 15 सौ पेंशन धारक सत्यापन में मृतक आदि कम हो गए हैं। अन्य की सूची समाज कल्याण निदेशालय को विभाग भेज चुका है। अधिकारियों का कहना है कि इसी माह सूची में शामिल वृद्धजनों के खाते में पेंशन की राशि आ सकती है।

### नए वित्तीय वर्ष के चार माह व्यतीत होने के बाद भी नहीं मिली है पेंशन

### पेंशन की जानकारी को हर रोज काफी बुजुर्ग पहुंचते हैं राजीव भवन

**यूनिक समय, मथुरा।** एक हजार रुपये की रकम कोई बड़ी नहीं होती है, लेकिन अभाव और संकट के समय यह धनराशि काफी मददगार बनती है।

यूपी सरकार से मिलने वाली इस पेंशन की धनराशि की जानकारी के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में बुजुर्ग राजीव भवन पहुंचते हैं, जहां उनको शासन की ओर से सीधे खातों में धनराशि मिलने की बात सुनने को मिलती है।

यूपी सरकार जिले के पात्र और गरीब साठ साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को हर माह एक हजार रुपये की धनराशि वृद्धावस्था पेंशन के रुप में उपलब्ध कराती है। तीन माह के अंतराल में तीन माह की पेंशन वाली यह धनराशि सीधे ही धारक के खाते में पहुंचती है। नए वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई और जून की यह धनराशि जुलाई में वृद्धजनों के खाते में आनी चाहिए थी, लेकिन आधी अगस्त बीतने के बाद भी यह धनराशि खातों में नहीं आ सकी है।

गुरुवार को वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी के लिए राजीव भवन आई वृद्धा सुशीला ने बताया कि पेंशन खाते में नहीं आई, जानकारी की तो बताया कि केवाइसी करा लो। यह काम भी बैंक से करा लिया, लेकिन पेंशन नहीं आई, अब कह रहे हैं कि खाते में शासन से सीधे पैसा आएगा। सूची लखनऊ जा चुकी है।

## गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई

**यूनिक समय, वृंदावन।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले ज्ञान गुदड़ी स्थित कृष्ण भए रघुनाथ (तुलसीदास मंदिर) में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने राम चरित मानस की रचना कर समाज को नई दिशा प्रदान की। सर्व ब्राह्मण महासभा मित्रमंडल के संस्थापक सत्यभान शर्मा ने कहा कि बाल्मीकी रामायण के बाद राम जी के चरित्र का वर्णन गोस्वामी जी की रचित रामचरित मानस ही मिलता है। संचालन महामंत्री दीपक कृष्ण गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक कृष्णकुमार शर्मा लड्डजी, ब्रज प्रदेश अध्यक्ष राजेश किशोर गोस्वामी, डॉ रामकुमार शर्मा, गौर गोपाल मिश्रा, मनोजकृष्ण शास्त्री, लक्ष्मीनारायण तरुण कृष्ण और गिरधर आदि विप्र उपस्थित थे।

## जैंत पुलिस ने श्रद्धालु का खोया पर्स बरामद कर लौटाया

### सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने बरामद किया करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान

**यूनिक समय, मथुरा।** हरियाली तीज पर मध्यप्रदेश से मथुरा आई एक श्रद्धालु का भीड़ के दौरान पर्स खो गया था। पर्स में सोने का मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठी समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान था। श्रद्धालु ने थाना जैत में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलने के बाद थाना पुलिस ने सामान की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और त्वरित कार्रवाई करते हुए खोया हुआ सामान बरामद कर लिया। इसके बाद सामान श्रद्धालु को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। खोया सामान वापस मिलने पर श्रद्धालु ने खुशी जताई और पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। कार्रवाई में थानाध्यक्ष सोनू कुमार, उपनिरीक्षक प्रिया सिवाच, उपनिरीक्षक उत्तम भड़ाना और पुलिस टीम शामिल रही।




## शुगर मिल की खातिर दंडवती करके छाता पहुंचा कन्हैया


### सपा नेता लोकमणि कांत जादौन ने किया स्वागत

### शुगर मिल का शिलान्यास नहीं, उद्घाटन चाहिए

**यूनिक समय, छाता।** छाता शुगर मिल को चलाने के लिए समर्थन में दंडोती लगाते हुए जा रहे हैं कन्हैया भाई वीरू और उनके जुझारू कर्मठ सहयोगी साथी छाता पहुंचे, जहां पर सभी का समाजवादी पार्टी ने पूर्ण समर्थन किया। अपने निज निवास पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि कांत जादौन ने कन्हैया समेत सभी का स्वागत किया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि कांत ने कहा छाता चीनी मिल का शिलान्यास दोबारा नहीं होगा। मुख्य मंत्री ने शिलान्यास करने की कोशिश की तो समाजवादी पार्टी ईंट से ईंट बजा देगी। छाता क्षेत्र की जनता को धोखा नहीं चाहिए। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बोलने के बाद भी शुगर मिल नहीं चली। गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के शिलान्यास के बाद भी शुगर मिल नहीं चली तो हम इस बार किसी झांसे में नहीं आएंगे। हमें शुगर मिल का उदघाटन चाहिए, भ्रम और अफवाह नहीं चाहिए । इस दौरान, बलराम तिवारी, लोकेश चौधरी, दिगंबर जादौन, राजू ,जसवंत सिंह, वीरेंद्र जादौन और ललित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक की भिड़ंत सड़क पर बिखरीं ईंटें

**यूनिक समय,मथुरा।** गुरुवार को थाना हाईवे क्षेत्र में राधा वैली के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली और ट्रक की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना तेज था कि ट्रॉली में लदी ईंटें सड़क पर बिखर गईं। भिड़ंत के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सड़क पर ईंटें बिखरने से यातायात प्रभावित हो गया और दोनों ओर वाहनों का आवागमन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। हादसे की सूचना



मिलने पर पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। हादसे में ट्रैक्टर–ट्रॉली और ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।




## पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार,लेकर रहेंगे



पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विकास भवन से निकाली गई रैली में शामिल ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी।

### ओपीएस की मांग को लेकर उप्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने निकाली तिरंगा रैली

**यूनिक समय, मथुरा।** गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर उप्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने रैली निकाली। विकास भवन से दोपहर को निकाली गई रैली का समापन कलेक्ट्रेट में पीएम और सीएम के नाम डीएम को ज्ञापन देने के साथ हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन को कर्मचारियों का अधिकार बताया।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को राजीव भवन से निकली तिरंगा रैली में उप्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के काफी कर्मचारियों ने सहभागिता की। राजीव भवन में एकत्र कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष- जिला महामंत्री जगत चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के भविष्य के लिए बेहतर थी। नई पेंशन स्कीम बाजार आधारित है, जिससे कर्मचारियों का भला नहीं हो सकता है।

संगठन के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश ने कहा कि शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन स्कीम से कर्मचारियों का भला नहीं हो सकता है, इसलिए सरकार का पुरानी पेंशन बहाली पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम को वृद्धावस्था का सहारा बताया। तिरंगा रैली में मंडल महामंत्री प्रदीप चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी जगबीर चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष हरि नारायण, जिला संम्प्रेक्षक यादवेश, जिला संगठन मंत्री चरण सिंह सैनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदेश, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जाटव, ब्लॉक मंत्री लालचंद, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार गोवर्धन, ब्लॉक अध्यक्ष फरह महेश, ब्लॉक अध्यक्ष मांट लोक, ब्लॉक अध्यक्ष नौहझील धर्मेंद्र, ब्लॉक अध्यक्ष मथुरा बलजीत, ब्लॉक अध्यक्ष राया कृष्णवीर और सभी ब्लाकों के कर्मचारी शामिल रहे।

# खेत में टूटे हाईटेंशन तार की चपेट में आए दो युवकों की मौत

### किशोर को बचाने दौड़े युवक की भी करंट लगने से गई जान

### मांट विधायक ने जताया दुख, विद्युत कर्मियों पर कार्रवाई का दिया भरोसा

**यूनिक समय, मथुरा।** सुरीर कोतवाली क्षेत्र के नगला औहावा गांव के समीप खेत में टूटकर गिरे 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर और उसे बचाने पहुंचे 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही और जर्जर तारों के रखरखाव में अनदेखी का आरोप लगाया है।

घटना गुरुवार सुबह की बताई गई है। नगला औहावा निवासी रामकिशन बघेल का 15 वर्षीय बेटा विवेक अपने पिता के लिए खेत पर चाय लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में खेत में टूटा पड़ा 11 हजार वोल्ट का चालू तार उसके पैर के नीचे आ गया। करंट लगने से विवेक चीखने लगा। उसकी आवाज सुनकर पास के खेत में चारा लेने पहुंचे बैकुंठपुर निवासी गुलाब उसे बचाने के लिए दौड़े। विवेक को तार से हटाने के प्रयास में गुलाब भी विद्युत तार की चपेट में आ गया। देखते ही देखते दोनों गंभीर झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

## इकलौती संतान था विवेक गुलाब था परिवार का सहारा

विवेक अपने माता–पिता की इकलौती संतान था। वहीं गुलाब परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियां संभालता था। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है। सूचना पर थानाध्यक्ष अरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम गृह पहुंचे विधायक राजेश चौधरी ने परिजनों से मिलकर दुख जताया। उन्होंने विद्युत अधिकारियों से वार्ता करते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की बात कही। विधायक ने कहा कि विद्युत कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




## कृषि यंत्रों के लिए कल होगी ई–लॉटरी

### कृषि भवन सभागार में सुबह साढ़े 11 बजे से होगी चयन प्रक्रिया

### चयनित किसानों को संदेश से मिलेगी जानकारी

**यूनिक समय, मथुरा।** वित्तीय वर्ष 2026–27 में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों के लिए किसानों का चयन ई–लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक आवेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष 21 अगस्त को सुबह 11:30 बजे कृषि भवन सभागार में ई–लॉटरी होगी।

उन्होंने बताया कि जिन कृषि यंत्रीकरण योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य तक बुकिंग हो चुकी है, उन सभी किसानों की बुकिंग पहले ही पक्की की जा चुकी है। ऐसे किसानों को ई–लॉटरी में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होगी।

ई–लॉटरी में चयनित किसानों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजकर चयन की जानकारी और कृषि यंत्र का बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि बताई जाएगी। प्रतीक्षा सूची में शामिल किसानों को उनके क्रमांक की सूचना भी मोबाइल संदेश के माध्यम से दी जाएगी। ई–लॉटरी में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार चयनित लाभार्थियों के अतिरिक्त क्रमवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। यदि चयनित किसान निर्धारित अवधि में कृषि यंत्र नहीं खरीदता है तो रिक्त लक्ष्य के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची के क्रम में अगले किसान का चयन किया जाएगा। ई–लॉटरी में चयनित नहीं होने वाले किसानों की जमानत राशि अधिकतम छह माह में वापस कर दी जाएगी। प्रतीक्षा सूची वाले किसानों की राशि लक्ष्य समाप्त होने पर लौटाई जाएगी। राशि किसान के आवेदन के समय दिए गए बैंक खाते में वापस की जाएगी। विभाग ने कृषि यंत्रों की बुकिंग कराने वाले किसानों से ई–लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

## बाइक का टायर पंक्चर करने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

### इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** बीते दिन वृंदावन में एक बाइकर्स की बाइक के टायर को सूचा से पंक्चर करने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हो गई है। एसएसपी ने पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है।

इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है। दो- तीन पुराने इस वीडियो मे एक पुलिसकर्मी एक बाइकर्स को रोककर उसकी बाइक के अगले टायर को सूचे से पंक्चर करता दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी की। जांच में पता चला कि वीडियो में दिखाई दे रहा पुलिसकर्मी थाना वृंदावन में तैनात मुख्य आरक्षी सुनील कुमार है। मामले की जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी गई।

रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी श्लोक कुमार ने मुख्य आरक्षी सुनील कुमार को निलंबित कर दिया। क्षेत्राधिकारी सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## निलंबन आदेश वापस लेने की मांग को लेकर मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन



मजदूरों की मांगो को लेकर सहायक श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के नेतृत्व में बुधवार को एक्वा प्लैंबर प्राइवेट लिमिटेड के मजदूरों ने सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मजदूर नवीन वेतन वृद्धि लागू करने और जारी किए गए निलंबन आदेश वापस लेने की मांग को लेकर दिया।

मजदूरों ने सहायक श्रम आयुक्त राजकुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया। मजदूरों ने नारेबाजी कर निलंबन आदेश वापस लेने, नवीन वेतन वृद्धि लागू करने तथा श्रम कानूनों के अनुरूप कार्रवाई किए जाने की मांग की।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों की मांगों पर संबंधित अधिकारियों और प्रबंधन को सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

ज्ञापन के दौरान लुकेश कुमार राही, रमेश सैनी, धर्मवीर सिंह, अमर सिंह, दशरथ सिंह, विपिन कुमार, मुकेश कुमार, साहब सिंह, विष्णु सिंह, प्रेम कुमार, रंजीत कुमार, सुरेंद्र, मनोज कुमार, हेमराज, सुनील, देवेंद्र, पिंकू, देवकी नंदन, अजय, सुमित कुमार, आकाश बाबू आदि मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई में 21 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल ने बताया कि संस्थान परिसर, वृंदावन रोड में 21 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में वर्ष 2023, 2024, 2025 और 2026 में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ अन्य इच्छुक बेरोजगार युवा भी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को 21 अगस्त को सुबह 10 बजे संस्थान में उपस्थित होना होगा। साथ में मूल प्रमाण–पत्र, स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, शैक्षिक और तकनीकी योग्यता के प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, बैंक विवरण और पासपोर्ट आकार के छायाचित्र लाने होंगे। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में संस्थान से संपर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ऑफिस के कमरे में एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### फायर ब्रिगेड ने तत्काल पाया काबू कोई नुकसान नहीं

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस ऑफिस की पहली मंजिल पर बने एक कमरे में बुधवार सुबह करीब नौ बजे एसी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। एसी के पास रखा कार्डबोर्ड आग की चपेट में आ गया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दी, फायर ब्रिगेड को दी। तत्काल मौके पर पहुचकर आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने कमरे और आसपास के स्थान का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण एसी में हुआ शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सरकारी संपत्ति भी सुरक्षित है।

## आरपीएफ ने राया में चलाया अतिक्रमण अभियान



राया रेलवे लाइन से अतिक्रमण हटवाते आरपीएफ के जवान।

**यूनिक समय, राया।** आरपीएफ ने गुरुवार को रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पुलिस ने रेलवे लाइन के सहारे फल और सब्जी विक्रेताओं की ढकेलों और दुकानों को हटवाकर रेलवे रोड साफ कराया, आगे से अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। इस दौरान आरपीएफ मथुरा जंक्शन प्रभारी जय सिंह, वेदप्रकाश, अशोक बघेल और रामजीलाल आदि रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



### मौसम बदलते ही बढ़े मरीज

# होम्योपैथिक अस्पताल की ओपीडी 150 पार


बच्चे को देखते जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह।

### वायरल, खांसी-जुकाम बुखार और त्वचा रोग के मरीज बढ़े

### पानी की कमी से पथरी के मामलों में भी हुआ है इजाफा

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ़ोत्तरी हो रही है। कुछ समय पहले जहां अस्पताल की रोजाना ओपीडी करीब 60-70 तक हुआ करती थी। वहीं, अब नए और पुराने मरीजों को मिलाकर यह संख्या करीब 150 तक पहुंच गई है। मौसम बदलने से वायरल, खांसी-जुकाम, बुखार, टॉन्सिल और त्वचा संबंधी रोगों के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। वहीं पानी कम पीने के कारण पथरी के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय में इन दिनों रोजाना करीब 80 से 100 नए मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा पुराने पर्चे वाले करीब 50 मरीज भी रोजाना ओपीडी में आ रहे हैं।

अस्पताल में प्रतिदिन करीब 150 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मौसम में बदलाव के साथ शरीर पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। दिन में गर्मी और मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोग वायरल संक्रमण और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों में करीब 20 मरीज वायरल, खांसी, जुकाम, बुखार और टॉन्सिल की समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं। त्वचा संबंधी बीमारी के 30 से 35 मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। पथरी की समस्या से परेशान करीब 15 मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। वहीं सांस संबंधी बीमारी के करीब 10 मरीज रोजाना अस्पताल पहुंच रहे हैं। पुराने पर्चे वाले मरीजों की संख्या भी करीब 50 बनी हुई है।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। लोग मौसम के अनुसार सावधानी नहीं बरत रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों पथरी के मरीज भी बढ़े हैं। गर्मी में लोग पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी रहे हैं। जो पानी शरीर में पहुंच रहा है, उसका काफी हिस्सा पसीने के रूप में बाहर निकल जाता है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी होने से पथरी सहित कई अन्य समस्याएं हो रही हैं।


अग्रवाल महासभा के तीज कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## असहाय लोगों को आश्रय देना ही सच्ची ईश्वरीय सेवा: तेजवीर

**यूनिक समय, वृंदावन।** अपना घर आश्रम के पंचम स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने अपना घर आश्रम द्वारा असहाय और निराश्रित प्रभुजनों की सेवा को मानव सेवा का सर्वोच्च रूप बताया। आश्रम के निस्वार्थ प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि बेघर, बीमार और असहाय लोगों को आश्रय और जीवन देना ही सच्ची ईश्वरीय सेवा है। राष्ट्रीय सचिव विनोद सिंघल ने आश्रम की सेवाओं और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। संत नवलराम ने सेवा भाव को भक्ति का मूल मार्ग बताया। अपना घर आश्रम की विचारधारा के जनक डॉ. बीएम भारद्वाज ने आश्रम के मूल दर्शन सेवा ही जीवन का मूल आधार है पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष धन्नाराम जादू चौधरी ने आभार जताया। संचालन बृजेंद्र शर्मा ने किया।

# वंदना बंसल को पहनाया तीज क्वीन का ताज

### अग्रवाल महासभा ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में स्थानीय होटल में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ महासभा की जिलाध्यक्ष नीलम अग्रवाल, महामंत्री रचना अग्रवाल और रेखा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महासभा की वरिष्ठ पदाधिकारी ओमवती अग्रवाल, नीलम गर्ग और रानी गर्ग को पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया।

महोत्सव में महिलाओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। रश्मि और कनिष्का गर्ग ने मां-बेटी पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि गजल और रागिनी ने सास-बहू पर प्रस्तुति दी। रश्मि मिडलैंड और लवली ने सास-बहू विषयक नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। रेखा अग्रवाल ने मनोरंजक खेल प्रतियोगिता कराई। रेखा और बीना ने सुंदर मल्हार प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें वंदना बंसल को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। प्रीति, शशि और पारुल ने संचालन किया। ममता, रिंकल, कल्पना, विनीता, प्रीति, रीता और दिव्या सहित अन्य महिलाओं ने भी मंच पर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष पिंकी, उपाध्यक्ष ज्योति, सुषमा, मीडिया प्रभारी रिमझिम, मंत्री श्वेता, शालिनी, वंदना, सलाहकार प्रीति सहित पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मथुरा से दो ट्रेनों का संचालन बदला

### टनकपुर-अछनेरा एक्सप्रेस और लाल कुआं-बेंगलुरु साप्ताहिक ट्रेन का मिलेगा लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** पूर्वोत्तर रेलवे ने दो विशेष ट्रेनों के स्थान पर नई ट्रेनों को नियमित करने का निर्णय लिया है। इससे मथुरा के यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

ट्रेन संख्या 15094/15093 टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर एक्सप्रेस 31 अगस्त से सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। टनकपुर से आने वाली ट्रेन सुबह 10:55 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी, जबकि वापसी में अछनेरा से चलकर शाम 4:10 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 15302/15301 लालकुआं-केएसआर बेंगलुरु सिटी जंक्शन साप्ताहिक को भी नियमित किया जाएगा। लालकुआं से चलने वाली ट्रेन रात 11:50 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में बेंगलुरु से आने वाली ट्रेन रात 1:50 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। इसका संचालन सितंबर से निर्धारित दिनों में किया जाएगा।

### गढ़ी बेरी स्टेशन पर कासगंज-अछनेरा पैसेंजर का ठहराव शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी संख्या 55331/55332 कासगंज-अछनेरा पैसेंजर का गढ़ी बेरी स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह ठहराव 21 अगस्त से प्रभावी होगा। रेल प्रशासन के अनुसार, गाड़ी संख्या 55331 कासगंज-अछनेरा पैसेंजर गढ़ी बेरी स्टेशन पर सुबह 8:32 बजे पहुंचेगी और 8:33 बजे रवाना होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 55332 अछनेरा-कासगंज पैसेंजर गढ़ी बेरी स्टेशन पर सुबह 10:32 बजे पहुंचेगी और 10:33 बजे रवाना होगी।

# राजस्व लक्ष्य पूरा करने को छुट्टी में खुलेंगे निबंधन कार्यालय

### 23 और 30 अगस्त को भी सामान्य दिनों की तरह होगा पंजीयन

**यूनिक समय, मथुरा।** स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग ने निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए अगस्त माह में सार्वजनिक अवकाश के दिन भी उप निबंधक कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं सहायक आयुक्त स्टाम्प निर्मल सिंह ने बताया कि शासन और महानिरीक्षक निबंधन की ओर से मथुरा जिले के लिए स्टाम्प एवं पंजीयन मद में 124350 लाख रुपये का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2026 तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष केवल 26.01 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ है, जो लक्ष्य की तुलना में काफी कम है। इसे गंभीरता से लेते हुए राजस्व हित में विशेष व्यवस्था लागू की गई है। निर्णय के अनुसार, अगस्त माह में रविवार 23 अगस्त और रविवार 30 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जिले के सभी उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे। इन दोनों दिनों में सामान्य कार्यदिवस की तरह दस्तावेजों का पंजीयन किया जाएगा।

## गांजे के साथ पकड़ा युवक

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने एक अभियुक्त को 310 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया। थाना जैंत पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गुरुवार रात्रि के समय मानवेन्द्र नगर मोड से अभियुक्त पदम सिंह निवासी कोटा थाना जैत को गिरफ्तार किया।

# बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, 64 मामले पकड़े


बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाते विद्युत विभाग के अधिकारी।

### 161 किलोवाट विद्युत भार चोरी में मिला एफआईआर दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विभाग ने गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिजली कनेक्शन, मीटर, सर्विस केबल और परिसरों की जांच की गई। अभियान में बिजली चोरी के कुल 64 मामले पकड़े गए। चोरी में 161 किलोवाट विद्युत भार शामिल पाया गया।

राया क्षेत्र में उपखंड अधिकारी मनीष गौड़ के निर्देशन में राया टाउन में चेकिंग की गई। यहां बिजली चोरी के 10 मामले पकड़े गए। गोवर्धन क्षेत्र में उपखंड अधिकारी महावीर, विजिलेंस प्रभारी अरुण कुमार और अवर अभियंता सुशील कुमार के नेतृत्व में गठौली गांव में अभियान चलाया गया। यहां भी बिजली चोरी के 10 मामले मिले। कोसी क्षेत्र में कोसी टाउन, कामर और कोसी देहात में जांच की गई, जहां बिजली चोरी के 20 मामले पकड़े गए। इसके अलावा डीग गेट, टैंटीगांव, जैत और अड्डकी गांव सहित अन्य क्षेत्रों में भी चेकिंग की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भैंसा गौशाला में गोवंश मौत मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

### घटना से जुड़ी जानकारी और साक्ष्य 25 अगस्त तक दे सकेंगे लोग

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र के ग्राम भैंसा स्थित गौ आश्रय स्थल में गोवंशों की मौत के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों से अपने बयान और उपलब्ध साक्ष्य जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की अपील की है। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 23 मई को भैंसा स्थित गौशाला में संरक्षित कुछ गोवंशों की मौत की घटना सामने आई थी।

बताया गया कि किसी असामाजिक व्यक्ति द्वारा गौशाला में भोजन सामग्री आदि डाल दी गई थी। आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों ने उक्त सामग्री खा ली, जिसके बाद कुछ गोवंशों की मौत होने की घटना हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय से एडीएम न्यायिक को प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया।

जिला प्रशासन के अनुसार, एडीएम न्यायिक की ओर से मामले की जांच की जा रही है। जांच को निष्पक्ष और तथ्यात्मक बनाने के लिए सर्व साधारण से भी जानकारी मांगी गई है। प्रशासन ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति, दल अथवा संस्था को घटना के संबंध में कोई जानकारी है या उसके पास कोई अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध है, तो वह जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। संबंधित व्यक्ति अपने लिखित अथवा मौखिक अभिकथन दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम न्यायिक के कार्यालय में उपस्थित होना होगा। बयान और साक्ष्य 25 अगस्त तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच दर्ज अथवा प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## दुष्कर्म मामले में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना राया पुलिस ने चेकिंग के दौरान दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को किया है। राया पुलिस ने गुरुवार सुबह बिचपुरी रोड स्थित पशु मेला स्थल से दुष्कर्म के मामले में वांछित राजेश कुमार निवासी गांव बढ़ेरा को गिरफ्तार किया है।

# बस्ता छोड़ हुनर सीखेंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

**यूनिक समय, मथुरा।** अब परिषदीय विद्यालयों के बच्चे शनिवार को बस्ता लेकर स्कूल नहीं जाएंगे। 22 अगस्त से 31 अक्टूबर तक प्रत्येक शनिवार विद्यालयों में बैगलेस डे मनाया जाएगा। इस दौरान नियमित पढ़ाई के बजाय बच्चों को हुनर, विज्ञान, तकनीक, कला और रोजगार से जुड़ी गतिविधियां कराई जाएंगी। जिले के 343 उच्च प्राथमिक और 581 कंपोजिट विद्यालयों में दस शनिवार तक यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शुरू की जा रही इस पहल से बच्चों में कौशल विकास, रचनात्मक सोच, श्रम की गरिमा और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने आनंदम मार्गदर्शिका तैयार की है। शिक्षक, स्थानीय कारीगरों और विशेषज्ञों की



मदद से गतिविधियां कराई जाएगी। 22 अगस्त को बच्चे मिट्टी से खिलौने, मूर्ति और कलाकृतियां बनाएंगे। 29 अगस्त को कुम्हार और स्थानीय शिल्पकारों से पारंपरिक हुनर सीखेंगे। सितंबर में औषधीय पौधों का उद्यान, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, स्वास्थ्य-स्वच्छता, बाल सुरक्षा, पतंग निर्माण और उड़ान विज्ञान जैसी गतिविधियां होंगी। वहीं विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कंपोस्ट, रसोई वाटिका,

## हर शनिवार बैगलेस डे मिट्टी कला से एआई और रोबोटिक्स तक सीखेंगे विद्यार्थी

मृदा परीक्षण, जैविक खेती, सिलाई-डिजाइनिंग, कठपुतली निर्माण, कहानी मंचन, जूट शिल्प और कबाड़ से उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैंक, डाकघर, पुलिस थाना, निर्माण स्थल, उद्योग और स्थानीय कारीगर इकाइयों का भ्रमण भी कराया जाएगा। 31 अक्टूबर को बैगलेस डे का अंतिम आयोजन तकनीकी गतिविधियों पर केंद्रित रहेगा। बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, कोडिंग, ड्रोन और सेंसर तकनीक की शुरुआती जानकारी दी जाएगी। विज्ञान मॉडल और नवाचार से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। इससे विद्यार्थियों में तकनीकी समझ के साथ समस्या समाधान की क्षमता विकसित होगी। गतिविधियों के लिए प्रत्येक उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय को 6,500 रुपये दिए जाएंगे। इस धनराशि से मिट्टी, रंग, पौधे, बीज, जैविक खाद, विज्ञान सामग्री, कला-सामान और तकनीकी गतिविधियों के लिए जरूरी सामग्री खरीदी जाएगी।

बीएसए रतन कीर्ति ने बताया कि विद्यालयों में तैयार मॉडल, कलाकृतियां और परियोजना कार्य 14 नवंबर को होने वाले बाल मेले में प्रदर्शित किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि सभी विद्यालयों में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बैगलेस डे की गतिविधियां कराई जाएंगी।




उठावनी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री राज कुमार गुप्ता (राधे-राधे) का स्वर्गवास दिनांक 20.08.2026 को हो गया है। उठावनी दिनांक 21.08.2026 दिन शुक्रवार को महिलाओं/पुरूषों की दोपहर 3 से 4 बजे तक अग्रवाटिका, मसानी लिंक रोड, मथुरा पर होगी।

स्व. श्री राजकुमार गुप्ता (राधे-राधे)

शोकाकुल

श्रीमती कृष्णा गुप्ता (धर्मपत्नी)
लव-गुन्जन गुप्ता, सौरभ-निशा गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधु)
जमुना प्रसाद-प्रेमलता गुप्ता (भाई-भाभी)
चारू-दीपक गुप्ता (पुत्री-दामाद) अनुराधा गुप्ता (पुत्री)
मनोज गुप्ता, सोनू गुप्ता, अनिल गुप्ता, विकाश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता (भतीजे)
ऊमा-शंकर गुप्ता, गायत्री-प्रेम गुप्ता (बहन-बहनोई)
मोतीलाल गुप्ता (बहनोई) एवं समस्त गुप्ता परिवार।

प्रतिष्ठान ▸ श्री राधे-कृष्णा गेस्ट हाउस, डीग गेट
▸ एल.जी.इलेक्ट्रोप्लेटर्स (मंडल मंत्री कृष्णानगर भाजपा )
▸ ए.पी.एन. एसोसिएट

ससुराल पक्ष: श्री नारायण गुप्ता
फर्म:- शक्ति इलैक्ट्रोनिक (हाथरस)


# ड्रिपबॉल ने पूरा किया पहला वर्ष, 14 राज्यों में बढ़ी पहचान



खिलाड़ियों को ड्रिपबॉल की जानकारी देते प्रशिक्षक।

**यूनिक समय, मथुरा।** बृजनगरी से शुरू हुए स्वदेशी और रोमांचक खेल ड्रिपबॉल ने अपना पहला वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। महज एक वर्ष में यह खेल देश के 14 राज्यों तक पहुंच चुका है और हजारों युवाओं और खेल प्रेमियों ने इसे अपनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रथम वर्षगांठ पर ऑल इंडिया ड्रिपबॉल एसोसिएशन ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों और सहयोगियों का आभार जताया।

संस्थापक डॉ. अरविंद चित्तौड़िया ने बताया कि विभिन्न राज्यों में खेल समितियों का गठन कर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। मथुरा में प्रथम रेफरी कार्यशाला और आंध्र प्रदेश के तिरुपति में पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। अब दूसरी राष्ट्रीय ड्रिपबॉल चैंपियनशिप महाराष्ट्र के पुणे में प्रस्तावित है।

## अगले वर्ष राष्ट्रीय चैंपियनशिप और देशभर में विस्तार की तैयारी

## भारतीय टीम दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में दिखाएगी दमखम

आगामी 28 से 30 अगस्त तक होने वाली दक्षिण एशियाई ड्रिपबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में भारत के साथ भूटान, पाकिस्तान और नेपाल की टीमें भी भाग लेंगी। एसोसिएशन का लक्ष्य आगामी वर्ष में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक खेल का विस्तार करना है।


जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तैयार करने के लिए एसोसिएशन ने इंडियन पैरा स्कूल फेडरेशन, ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल लेबर एंड एंप्लाइज और भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के साथ मान्यता प्राप्त की है। जल्द ही इसे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और विश्वविद्यालय स्तरीय खेलों में शामिल कराने की तैयारी है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षक और निर्णायक प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर खेल के नियमों को मानकीकृत किया जाएगा।

# जन्माष्टमी पर मथुरा को सजाने में जुटा नगर निगम

## नगर आयुक्त ने सजावट, सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व-2026 को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने निर्माण विभाग, पथ प्रकाश विभाग और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों और स्थलों पर सौंदर्यीकरण, दीवार चित्रण, स्वागत द्वार, तिराहे-चौराहों की सजावट, सड़क मरम्मत और नालियों की मरम्मत सहित अन्य कार्यों की स्थिति जानी गई। नगर आयुक्त ने सभी कार्य तय समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सजावट और सौंदर्यीकरण कार्यों में नवीनता और



बैठक में तैयारियों की जानकारी लेते नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

रचनात्मकता पर भी जोर दिया।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जन्माष्टमी की तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यों में बाधा आने पर संबंधित अधिकारी तत्काल जानकारी दें, ताकि समय रहते समाधान कराया जा सके। उन्होंने बताया कि वह स्वयं मौके पर पहुंचकर दीवार चित्रण, सौंदर्यीकरण, सजावट और स्वागत द्वारों का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मथुरा-वृंदावन की आस्था और पहचान से जुड़ा महापर्व है।

श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें।

बैठक में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, मुख्य अभियंता संजय सिंह, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संस्कारों की डोर से कटने के कारण बढ़ रहा है युवाओं में नशा

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव क्षेत्र के समीपवर्ती गांव बरामई खेड़ा में आयोजित तीन दिवसीय वैदिक रामकथा एवं देवयज्ञ का आयोजन हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रो. डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने समाज और युवाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज का युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जो पूरे समाज के लिए चिंताजनक विषय है। हमने आज अपने बच्चों को संस्कारों रूपी डोर से काट दिया है, जिसके परिणामस्वरूप समाज से चारित्रिक पतन होता जा रहा है।

कथावाचिका सविता शास्त्री ने भगवान श्री राम के प्रेरक प्रसंगों को सुनाए अध्यक्षता पूर्व प्रधान सौदान सिंह ने की। प्रातःकाल तीनों दिन वैदिक यज्ञ पूर्व प्रधान आचार्य सत्यप्रिय आर्य ने कराया। आयोजक वैद्य बंगाली आर्य, रमेश चंद्र आर्य, चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जीवनबल्लभ मंदिर में बालगोपालों की सेवा

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्रीहरिदासीबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट के तत्वावधान में ऑस्ट्रेलिया निवासी भक्त परिवार ने जीवनबल्लभ मंदिर में बालगोपालों की सेवा की।

ट्रस्ट संस्थापक इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्ल्भ गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित हुए बालगोपाल सेवा समारोह में सभी बालकों ने भगवान के राजभोग में अर्पित प्रसादी को ग्रहण किया। आयोजक सुमेश भटनागर, स्वेता भटनागर और संवर भटनागर की ओर से बाल गोपालों का मंगल तिलक, उत्तरीय उड़ाकर अभिनंदन किया गया।

# केडी हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर, 20 सितंबर तक मिलेगा लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केडी मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में दादी मां कांती देवी की स्मृति में एक माह का निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर शुरू किया गया है। 19 अगस्त से शुरू हुआ यह शिविर 20 सितंबर तक चलेगा। शिविर में नेत्र रोगियों की जांच, उपचार, दवाएं और आवश्यक ऑपरेशन निःशुल्क किए जा रहे हैं। मरीजों के लिए भोजन और ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शिप्रा त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मरीजों की जांच की जा रही है। मोतियाबिंद, कालापानी और कॉर्निया संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को



विभागाध्यक्ष डॉ. शिप्रा त्रिपाठी के साथ उपचार को आए नेत्र पीड़ित और चिकित्सक।

आवश्यकतानुसार भर्ती कर उनका ऑपरेशन किया जा रहा है। शिविर का लाभ लेने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का उपचार कर रही है। अस्पताल में आंखों से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच और उपचार के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इनमें फंडस कैमरा, ओसीटी, ग्रीन लेजर, रेटिना एंजियोग्राफी, टोनोमेट्री, गोनियोस्कोपी और आंखों की सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मधुमेह और उच्च रक्तचाप से प्रभावित मरीजों के रेटिना संबंधी विकारों की जांच और उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है।

डॉ. शिप्रा त्रिपाठी ने बताया कि आंखों से संबंधित किसी भी परेशानी वाले लोग सुबह नौ से शाम चार बजे तक नेत्र रोग विभाग पहुंचकर शिविर का लाभ ले सकते हैं। संस्थान के

## मोतियाबिंद, कालापानी और कॉर्निया के मरीजों के होंगे निःशुल्क ऑपरेशन

## जांच, दवा, भोजन और ठहरने की सुविधा भी पूरी तरह निःशुल्क

चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने कहा कि आंखें जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।


NAME CHANGE

I, Manoj Vasistha S/o Ravi Kant Vasistha R/o House No. 1505, Gali Thatheran , Lal Darwaja, Mathura U.P. Hereby Declare That I Have Changed Name From Manoj Kumar Vasistha to Manoj Vasistha For All Future Purposes.



यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# बत्तीसी बकरी और ब्रज के गधे को मिली राष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान

## दुवासु के दो स्थानीय पशु आनुवंशिक संसाधन राष्ट्रीय रजिस्टर में दर्ज





**यूनिक समय, मथुरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान (दुवासु) को पशु आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि मिली है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल ने बत्तीसी बकरी और ब्रज के गधे को राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन रजिस्टर में पंजीकृत किया है। इससे दोनों स्थानीय पशु आबादियों को राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक पहचान मिली है। विश्वविद्यालय की बहुविषयक वैज्ञानिक टीम ने करीब दो वर्षों तक क्षेत्रीय सर्वेक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन किया। इसमें पशुओं के शारीरिक- प्रजनन संबंधी लक्षणों का अध्ययन, पशुपालकों से संवाद, प्रजनन क्षेत्र का निर्धारण और आंकड़ों का संकलन किया गया।

इसके आधार पर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पंजीकरण प्रस्ताव तैयार किया गया।


बत्तीसी बकरी मुख्य रूप से अलवर और ब्रज क्षेत्र के बरसाना, गोवर्धन सहित पथरीले इलाकों में पाई जाती है। यह दूध और मांस दोनों के लिए उपयोगी मानी जाती है। वहीं, ब्रज गधा मथुरा और आसपास के क्षेत्रों में पाया जाता है। मजबूत शरीर और कठिन परिस्थितियों में काम करने की क्षमता के कारण इसका उपयोग सामान ढोने में होता रहा है।

राष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल होने से दोनों के संरक्षण, वैज्ञानिक प्रजनन, आनुवंशिक सुधार और सतत उपयोग की योजनाओं को आधार मिलेगा। साथ ही इन पशुओं को पीढ़ियों से संरक्षित रखने वाले पशुपालकों को भी पहचान और लाभ मिलने की उम्मीद है।

### स्वदेशी पशुधन के संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने वैज्ञानिक टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पशुपालक समुदायों के योगदान की भी मान्यता है। उन्होंने कहा कि अब इन स्थानीय पशु संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक सुधार के लिए विशेष कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे।

# गोवंश में लंपी रोग फैलने से पशुपालकों की बढ़ी चिंता






लंपी बीमारी से ग्रस्त गोवंश। लंपी बीमारी से ग्रस्त गाय को उपचार के लिए वेटेरिनरी कॉलेज स्थित अस्पताल ले जाता वाहन।

### टीकाकरण में प्रदेश में अव्वल

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एनएन शर्मा के अनुसार, लंपी ग्रस्त पशुओं के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाने का काम ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगम का है, वह तो बीमार पशु का इलाज कर सकत हैं। जिले में अब तक सौ पशुओं के लंपीग्रस्त होने की जानकारी मिली है। टीकाकरण का काम चल रहा है, मथुरा इस मामले में पहल नंबर पर है।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में गोवंश में लंपी त्वचा रोग के मामले सामने आने से पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की त्वचा पर गांठें और घाव जैसे लक्षण दिखाई देने पर पशुपालक परेशान हैं। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी रोकथाम नहीं की गई तो बीमारी तेजी से अन्य पशुओं में फैल सकती है।

ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग से गांव–गांव पशु स्वास्थ्य जांच अभियान चलाने, संक्रमित पशुओं का उपचार कराने और आवश्यकतानुसार टीकाकरण कराने की मांग की है। पशुपालकों का कहना है कि बीमारी की रोकथाम के लिए उन्हें भी जागरूक किया जाना चाहिए, ताकि शुरुआती लक्षण दिखाई देते ही पशु चिकित्सक से संपर्क किया जा सके।

### कई क्षेत्रों में पशुओं की त्वचा पर गांठें, विभाग से रोकथाम की मांग

पशुपालकों ने प्रशासन से पशु चिकित्सकों की टीम गठित कर प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निगरानी कराने की मांग की है।

वहीं, पशु विभाग के अनुसार, संक्रमित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना, पशुशाला की नियमित सफाई करना और मक्खी–मच्छरों की रोकथाम करना महत्वपूर्ण है।

लंपी रोग मच्छर, मक्खी और अन्य कीटों के माध्यम से फैल सकता है। संक्रमित पशुओं के संपर्क में आने से भी संक्रमण का खतरा बना रहता है। ऐसे में पशुशालाओं में साफ–सफाई और पशुओं की नियमित निगरानी बेहद जरूरी है।

### गोपालकों में छाने लगी है चिंता 1962 पर दें सूचना

**यूनिक समय, फरह।** जिले में गोवंश में लंपी बीमारी की आशंका के मामले सामने आने से पशुपालकों की चिंता बढ़ने लगी है। फरह क्षेत्र के गांव रोसूगढ़ी में किसान मुकेश के गोवंश के बीमार होने का मामला सामने आया है। पशुपालक के अनुसार, बीमार पशु के उपचार में अब तक हजारों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन उसे अपेक्षित राहत नहीं मिली है। गांव में बीमारी की आशंका के बाद अन्य पशुपालक भी अपने पशुओं की सेहत को लेकर चिंतित हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कामना सिंह ने बताया कि लंपी बीमारी को लेकर विभाग को एक–दो सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। बीमार पशु के चारा–पानी और खाने–पीने के बर्तनों को भी अलग रखने की सलाह दी गई है, ताकि संक्रमण फैलने की आशंका को कम किया जा सके। बीमार पशु की जानकारी पशु चिकित्सा हेल्पलाइन नंबर 1962 पर दी जा सकती है।

# समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया–डीएपी



डीएपी की समस्याओं पर मंथन करते जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर, साथ में बैंक के अधिकारी

### जिला सहकारी बैंक में समीक्षा बैठक, किसानों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड में गुरुवार को अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सहकारिता विभाग से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और विभागीय मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में जिले की सहकारी समितियों पर किसानों को यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई।

अधिकारियों ने कहा कि किसानों को उनकी जोत के आधार पर निर्धारित और संस्तुत मात्रा में ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ने बताया कि जिले की सहकारी समितियों पर करीब 2500 मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उपलब्ध है। वहीं डीएपी की आने वाली रैक के सापेक्ष डीएम के निर्देश पर समितियों के लिए आवंटन किया जा चुका है। डीएपी के प्रेषण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि जिले में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और समितियों के माध्यम से इनका सुचारू वितरण किया जा रहा है। बैठक के बाद अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर और सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ने बैंक मुख्यालय पर मौजूद किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अभिषेक कुमार मिश्र, बैंक के सचिव-मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, अपर जिला सहकारी अधिकारी गुलाम मुही उद्दीन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गोस्वामी ने सनातन से जोड़ने का किया था काम



बिहारी लाल गोस्वामी को सम्मानित करते सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के कैंप कार्यालय जगन्नाथ पुरी पर गोस्वामी तुलसीदास जयंती संस्थान के वरिष्ठ सदस्य पप्पू गौतम की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नारायण प्रसाद शर्मा, बिहारी लाल गोस्वामी, राकेश गौड़, पीपी शर्मा ने गोस्वामी जी के चित्रपट पर पुष्प अर्पितकर अंग वस्त्र धारण कराया।

संस्थान अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा ने गोस्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह सनातन धर्म के महान संत और महान कवि थे। उन्होंने रामचरितमानस ग्रंथ के माध्यम से ज्ञान और भक्ति को जनमानस तक पहुंचाया, जिससे समाज में प्रेम और सद्भाव बना रहे। सचिव नारायण प्रसाद शर्मा ने कहा मनुष्य की इच्छाएं अनंत है, जब तक व्यक्ति भगवान की भक्ति में लीन होकर संतुष्ट नहीं होता, तब तक उसे सच्ची खुशी नहीं मिल सकती है। कन्हैया लाल शर्मा ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि उनकी अनेक रचनाएं हैं, परंतु उन्होंने रामचरितमानस और हनुमान चालीसा की रचना कर आमजन मानस को भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव के सेवायत बिहारी लाल गोस्वामी का तुलसी सम्मान से स्मृति चिन्ह पटका पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पीपी शर्मा, राकेश गौड़, सुरेंद्र शर्मा, दिवाकर आचार्य, दिलीप पांडे, मुरलीधर शर्मा, जयप्रकाश मैथिल, दिनेश मैथिल, कन्हैया लाल गौतम, बिहारी लाल गोस्वामी, पप्पू गौतम, कन्हैया लाल शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद अभियान को मिली निर्णायक सफलता

# अदम्य साहस दिखाने वाले आलोक कुंतल को वीरता पदक

**यूनिक समय, मथुरा।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जंगल में अचानक ऑटोमैटिक हथियारों और ग्रेनेड लॉन्चर से फायरिंग शुरू हो गई। इस भीषण मुठभेड़ में इंस्पेक्टर रमेश चंद्र चौधरी के पैर में गोली लग गई। उनके घायल होने के बाद ऑपरेशन की कमान इंस्पेक्टर आलोक कुंतल को सौंपी गई। उस समय आलोक कुंतल के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारी फायरिंग के बीच जवानों तक पहुंचना, उनका मनोबल बनाए रखना और अभियान को उसके लक्ष्य तक पहुंचाना था। उन्होंने बिना समय गंवाए कमान संभाली। गोलियों और ग्रेनेड की फायरिंग और आईईडी धमाकों के बीच जवानों को आवश्यक





इंस्पेक्टर आलोक कुंतल।

दिशा–निर्देश दिए। लगातार हो रही फायरिंग के बावजूद जवानों ने मोर्चा नहीं छोड़ा। इंस्पेक्टर कुंतल के नेतृत्व में अभियान को निर्णायक सफलता

### भारी फायरिंग और आईईडी धमाकों के बीच संभाली थी ऑपरेशन की कमान

मिली। मथुरा के उस्फार के पास स्थित गांव बेरुका के बीएसएफ की वर्दी पहनने वाले आलोक कुमार कुंतल को उनके अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व के लिए 15 अगस्त को वीरता पदक से सम्मानित किया गया। आलोक ने कहा कि ऑपरेशन की सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरी टीम के साहस, आपसी विश्वास और समर्पण का परिणाम थी। आलोक के पिता अशोक कुंतल और मां विजय सोगरवाल ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही देश की सेवा करने और सेना में जाने के लिए उत्साहित रहता था। बेटे को वीरता पदक मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रणत पाल सिंह पूर्व विधायक, राजेंद्र सिंह जघीना कमांडेंट बीएसएफ, ओमवीर सिंह भरतपुर पूर्व कमांडेंट बीएसएफ, लोकेंद्र सिंह जघीना, विक्रांत सोलंकी, तोताराम भरंगर,अंजलि सोगरवाल, डॉ.उत्कर्ष जघीना, सुमन कुंतल, रेनू सिकरवार,राहुल चौधरी, विकांत कुंतल ने बधाई दी है।

## सुविचार



सफलता का रहस्य है निरंतर प्रयास, क्योंकि छोटी कोशिशें ही बड़ी उपलब्धियां बनाती हैं।

– हरिवंश राय बच्चन

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 11:36-02:00 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | ज्येष्ठा | 11:52-02:49 तक | माह | श्रावण |
| सूर्योदय | | 5:57 AM | चन्द्रोदय | 02:02 PM |
| सूर्यास्त | | 6:47 PM | चंद्रास्त | 12:16 AM |
| सूर्य राशि | | सिंह राशि | चंद्र | वृश्चिक राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:56AM –12:48 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:20-05:08 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 10:46 AM: 12:22 PM | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# भादों की शुरुआत त्रिपुष्कर योग से, 29 दिन का रहेगा महीना

### भाद्रपद माह 29 अगस्त से शुरू होकर 26 सितंबर तक रहेगा

### पहले दिन त्रिपुष्कर योग पंचक और शुभ योग बनेंगे

### कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व

**यूनिक समय, मथुरा।** भाद्रपद माह को आम बोलचाल में भादों भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह सावन के बाद आने वाला छठा महीना है। इस बार भाद्रपद माह की शुरुआत विशेष संयोग के साथ होने जा रही है। रक्षाबंधन के अगले दिन यानी 29 अगस्त, शनिवार से भाद्रपद माह शुरू होगा और 26 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा के साथ इसका समापन होगा। इस तरह इस वर्ष भाद्रपद माह 29 दिनों का रहेगा।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

पंचांग के अनुसार भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 28 अगस्त को सुबह 9 बजकर 48 मिनट से शुरू होगी और 29 अगस्त को सुबह 9 बजकर 56 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार भाद्रपद माह का आरंभ 29 अगस्त से माना जाएगा।

माह के पहले दिन ही त्रिपुष्कर योग बन रहा है। यह योग 29 अगस्त को सुबह 9 बजकर 56 मिनट से शुरू होकर 30 अगस्त को तड़के 3 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस योग में किए गए शुभ कार्यों का फल कई गुना प्राप्त होता है। इसी दिन सुबह 6 बजकर 36 मिनट तक सुकर्मा योग रहेगा। इसके बाद धृति योग बनेगा। दोनों योगों को शुभ माना गया है। हालांकि भाद्रपद के पहले दिन पूरे समय पंचक भी रहेगा।




भाद्रपद माह धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस महीने के अधिपति देव भगवान विष्णु के हृषिकेश स्वरूप हैं। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण और प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना का विशेष महत्व है। इसी महीने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाते हैं। श्रद्धालु इस दौरान स्नान, दान, व्रत, पूजा–पाठ और जप करते हैं। भाद्रपद पूर्णिमा की तिथि 26 सितंबर को रात 10 बजकर 18 मिनट तक रहेगी।

उदयातिथि के अनुसार इसी दिन पूर्णिमा मनाई जाएगी और इसके साथ भाद्रपद माह समाप्त हो जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस महीने में श्रद्धापूर्वक पूजा, दान और सेवा करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

# तुलसी जयंती पर इन चौपाइयों के जाप से दूर होंगे संकट

### पढ़ाई, स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख के लिए पाठ का है विधान



**यूनिक समय, मथुरा।** तुलसीदास जयंती के अवसर पर रामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ विशेष फलदायी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जीवन की अलग–अलग परेशानियों और मनोकामनाओं के लिए अलग चौपाइयों का जाप किया जा सकता है। तुलसीदास जयंती हर वर्ष श्रावण शुक्ल सप्तमी को मनाई जाती है। गोस्वामी तुलसीदास ने अवधी भाषा में रामचरितमानस की रचना कर भगवान श्रीराम के चरित्र और आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाया।

**अलग–अलग मनोकामनाओं के लिए चौपाइयों का करें जाप**

पढ़ाई में सफलता के लिए बच्चे से 21 बार इस चौपाई का जाप कराने की मान्यता है–

**"गुरु ग्रह गए पढ़न रघुराई।<br>अलपकाल विद्या सब आई।।"**

परिवार और समाज में प्रेम तथा मधुर संबंधों के लिए 11 बार जाप करें–

**"सब नर करहिं परस्पर प्रीती।<br>चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीती।।"**

स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचाव और अच्छी सेहत की कामना के लिए 11 बार पाठ करने की मान्यता है–

**"दैहिक दैविक भौतिक तापा।<br>राम राज नहिं काहुहिं व्यापा।।"**

संतान की इच्छा रखने वाले दंपतियों के लिए 51 बार इस चौपाई का जाप बताया गया है–

**"प्रेम मगन कौशल्या<br>निसिदिन जात न जान।<br>सुत सनेह बस माता बाल<br>चरित कर गान।।"**

अचानक आने वाले संकटों से मुक्ति की कामना के लिए 108 बार जाप करने की मान्यता है–


**"दीन दयाल बिरिदु संभारी।<br>हरहु नाथ मम संकट भारी।।"**

धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धा, संयम और नियमितता के साथ रामचरितमानस का पाठ मन को शांति और सकारात्मकता प्रदान करता है।

# रक्षाबंधन से पहले पंचक इन कामों से बचना चाहिए

### 27 अगस्त दोपहर से शुरू होगा पांच दिवसीय पंचक

### एक सितंबर तड़के समाप्त होगा पंचक



**यूनिक समय, मथुरा।** अगस्त में रक्षाबंधन से ठीक पहले पंचक लगने जा रहा है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती नक्षत्र से गुजरता है, तब पंचक माना जाता है। इस बार पंचक 27 अगस्त को दोपहर 1:35 बजे शुरू होगा और एक सितंबर तड़के 3:23 बजे समाप्त होगा। यह गुरुवार से शुरू हो रहा है, इसलिए इसे हानिकारक पंचक नहीं माना गया है।

पंचक के दौरान नए कार्य, गृहप्रवेश, छत निर्माण, लकड़ी या ईंधन जमा करने और चारपाई बनवाने जैसे कार्यों से बचने की मान्यता है। हालांकि पंचक को पूरी तरह अशुभ नहीं माना जाता। सोमवार को शुरू होने वाला राज पंचक, मंगलवार का अग्नि पंचक, शुक्रवार का चोर पंचक और शनिवार का मृत्यु पंचक कहलाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पंचक में धार्मिक कार्य किए जा सकते हैं, जबकि विशेष कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त देखना उचित माना जाता है।

# साढ़ेसाती में संभलकर चलें, यह गलतियां पड़ सकती हैं भारी

### इन आदतों से बचना जरूरी, कर्मों का मिलता है फल

### गरीबों को सताना और अहंकार करना भारी

### झूठ, धोखा और बेवजह विवाद से रहें दूर

**यूनिक समय, मथुरा।** शनि की साढ़ेसाती को ज्योतिष में महत्वपूर्ण अवधि माना जाता है। मान्यता है कि इसका प्रभाव करीब साढ़े सात वर्षों तक रहता है। इस दौरान व्यक्ति को धैर्य, अनुशासन और अच्छे कर्मों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, साढ़ेसाती के समय गलत आचरण और अहंकार व्यक्ति के लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं।



मान्यता के अनुसार साढ़ेसाती के दौरान गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों का अपमान या उन्हें नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। अपने धन, पद, ज्ञान और सफलता का घमंड करना भी उचित नहीं माना जाता। किसी को नीचा दिखाने या अपनी उपलब्धियों का अहंकार करने से शनि के प्रतिकूल प्रभाव की मान्यता है। इसी तरह चोरी, जुआ, नशे और अनैतिक संबंधों जैसी आदतों से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है। आलस्य और काम टालने की प्रवृत्ति से भी बचना चाहिए। मेहनत, जिम्मेदारी और नियमों का पालन इस अवधि में विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं में झूठ बोलना, छल–कपट, बेईमानी और धोखाधड़ी को साढ़ेसाती के दौरान नुकसानदायक माना गया है। बेवजह विवाद करना और छोटी बात पर क्रोध करना भी व्यक्ति की मानसिक शांति प्रभावित कर सकता है।

इस अवधि में जरूरतमंदों की सहायता, अन्न–वस्त्र का दान और असहाय लोगों की मदद करने की सलाह दी जाती है। सफाईकर्मियों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों के प्रति सम्मान रखना भी शुभ माना जाता है।

सफलता मिलने पर विनम्र बने रहना और कठिन परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोना चाहिए। नियमित मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन को अपनाना साढ़ेसाती के दौरान सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। ये सभी बातें धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित हैं।

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8 .00 से दोपहर 01 .30 बजे तक और शाम 4 .00 से रात 9 .00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष राशिः** कल काम में आपकी मेहनत रंग लाएगी, परिवार का सहयोग मिलेगा और रुके कार्य धीरे–धीरे पूरे होने लगेंगे।

**वृषभ राशिः** धन संबंधी मामलों में लाभ होगा, खर्च नियंत्रित रखें और पुराने निवेश से अपेक्षित फायदा मिलने की संभावना रहेगी।

**मिथुन राशिः** कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलेगी, सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और आपकी प्रतिभा से अधिकारी प्रभावित हो सकते हैं

**कर्क राशिः** परिवार में खुशी का माहौल रहेगा, जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और पुराने विवाद का समाधान आसानी से हो सकता है।

**सिंह राशिः** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे, नई योजना पर काम शुरू करें और निवेश में जल्दबाजी करने से बचें।

**कन्या राशिः** आपकी योजनाएं सफल होंगी, कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा और परिवार की सलाह महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद करेगी।

**तुला राशिः** रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, प्रियजनों से मुलाकात होगी और व्यापार में साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना रहेगी।

**वृश्चिकः** मेहनत का पूरा फल मिलेगा, धन संबंधी चिंता दूर होगी और कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों से प्रशंसा प्राप्त होगी।

**धनु राशिः** यात्रा लाभकारी रहेगी, नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा और कारोबार संबंधी महत्वपूर्ण अवसर सामने आ सकते हैं आपके।

**मकर राशि :** नौकरी में प्रगति के अवसर मिलेंगे, अधिकारी प्रसन्न रहेंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत करने की नई योजना बनेगी।

**कुंभ राशिः** आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा, रुका धन प्राप्त हो सकता है और परिवार में शुभ समाचार से प्रसन्नता होगी।

**मीन राशिः** दिन उत्साह और खुशियां लाएगा, रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और मित्रों का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगी।

## सम्पादकीय

# यूपी में बेटियों का सौदा आखिर सिस्टम कब जागेगा

बेटियों को पढ़ाने, बचाने और आत्मनिर्भर बनाने के दावे करने वाले समाज के सामने बिहार से सामने आया यह मामला शर्मनाक आईना है। आरोप अगर जांच में सही साबित होते हैं तो यह केवल किसी एक गिरोह, अस्पताल या बिचौलिए की कहानी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर गंभीर सवाल है जहां नाबालिग लड़कियों को बहला–फुसलाकर फंसाया जाता है, उनके शरीर और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है और फिर उनके बच्चों तक का सौदा करने की कोशिश होती है।

सबसे भयावह पहलू यह है कि इस पूरे खेल की कड़ियां उत्तर प्रदेश से भी जुड़ती दिखाई देती हैं। रिपोर्ट में बलिया समेत यूपी के अलग–अलग इलाकों से लड़कियों को लाने के दावे सामने आए हैं। यानी मामला केवल बिहार की सीमा तक सीमित नहीं माना जा सकता। यदि जांच में इन दावों की पुष्टि होती है तो उत्तर प्रदेश की पुलिस और संबंधित विभागों को भी ऐसे नेटवर्क की पड़ताल करनी होगी।



पवन गौतम
संपादक

व्यंग्य देखिए कि जिन लड़कियों की उम्र स्कूल जाने की होती है, उन्हें कथित तौर पर इस धंधे में ग्राहक की नजर से देखा जा रहा है। कागज पर उम्र बढ़ा देने और शरीर में जबरन बदलाव कराने की कोशिशें यह बताती हैं कि अपराधियों के लिए इंसान नहीं, केवल मुनाफा महत्वपूर्ण है। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि किसी बच्ची की मजबूरी भी बाजार का माल समझी जाए।

स्कैन करें

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

और फिर आता है बच्चों का कथित सौदा। जिस बच्चे को मां की गोद, परिवार का प्यार और सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए, उसके लिए कीमत तय करने की बातचीत होने लगे तो समाज को आईना देखने की जरूरत है। गरीबी, अकेलापन और मजबूरी अपराधियों के लिए अवसर बन जाएं, इससे ज्यादा चिंताजनक स्थिति क्या होगी?

यूपी में भी ऐसे मामलों को केवल दूसरे राज्यों की खबर मानकर किनारा नहीं किया जा सकता। गांवों और कस्बों से युवतियों के लापता होने, संदिग्ध बिचौलियों की गतिविधियों और फर्जी पहचान के मामलों पर स्थानीय स्तर पर निगरानी जरूरी है।

सबसे जरूरी सवाल यह है कि कानून कब जागेगा? जब तक अपराधी पकड़े जाएंगे, तब तक कितनी जिंदगियां बर्बाद हो चुकी होंगी? इसलिए पुलिस, बाल संरक्षण इकाइयों और प्रशासन को मिलकर कार्रवाई करनी होगी। बेटियां कोई वस्तु नहीं हैं और बच्चे कोई सौदा नहीं। समाज को यह बात अपराधियों से पहले व्यवस्था को समझनी होगी।

## नजरिया

# तीस्ता पर चीन का दांव, भारत ने दिखाई कूटनीतिक ताकत

बोध प्रकाश सगुणी




बांग्लादेश की तीस्ता नदी परियोजना में चीन की बढ़ती दिलचस्पी ने भारत की रणनीतिक चिंताओं को एक बार फिर सामने ला दिया है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान की चीन यात्रा के दौरान तीस्ता नदी के व्यापक प्रबंधन और पुनरुद्धार परियोजना को लेकर दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग पर सहमति बनी। चीन ने परियोजना के लिए तकनीकी सहायता, योजना और व्यवहार्यता अध्ययन में सहयोग की इच्छा जताई है।

यही वह बिंदु है जहां तीस्ता केवल नदी और पानी का विषय नहीं रह जाती, बल्कि दक्षिण एशिया की बदलती कूटनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाती है। भारत के लिए तीस्ता का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बांग्लादेश पहुंचती है। इसके ऊपरी हिस्से से जुड़ी गतिविधियां भारत के जल, पर्यावरण और सुरक्षा हितों से सीधे संबंधित हैं।

चीन लंबे समय से दक्षिण एशिया में अपनी आर्थिक और सामरिक मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। बांग्लादेश में बंदरगाह, आधारभूत ढांचे और जल प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं में उसकी दिलचस्पी इसी व्यापक नीति का हिस्सा मानी जाती है। तीस्ता परियोजना में चीनी भागीदारी इसलिए अधिक संवेदनशील है क्योंकि इसका क्षेत्र भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ने वाले सिलीगुड़ी गलियारे के अपेक्षाकृत निकट है।

सिलीगुड़ी गलियारा भारत की अत्यंत महत्वपूर्ण भौगोलिक कड़ी है। पश्चिम बंगाल में स्थित यह संकरा भूभाग उत्तर–पूर्व के राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इसलिए इस इलाके के आसपास किसी बाहरी शक्ति की दीर्घकालिक मौजूदगी को नई दिल्ली केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं देख सकती। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि तीस्ता परियोजना के बहाने चीन वहां सैन्य अड्डा बनाने जा रहा है। ऐसी किसी योजना का प्रमाण सामने नहीं आया है। लेकिन रणनीतिक दृष्टि से संभावित प्रभावों पर नजर रखना भारत के लिए स्वाभाविक है।

यहीं भारत की चुनौती और अवसर दोनों मौजूद हैं। नई दिल्ली को एक ओर बांग्लादेश की विकास संबंधी आवश्यकताओं और संप्रभु निर्णयों का सम्मान करना है, तो दूसरी ओर अपने जल और सुरक्षा हितों की रक्षा भी करनी है। भारत ने पहले ही स्पष्ट किया है कि तीस्ता से जुड़े घटनाक्रम को वह अपने व्यापक दृष्टिकोण में शामिल करेगा।

भारत की चिंता केवल चीन नहीं है। असली प्रश्न यह है कि बांग्लादेश के साथ तीस्ता जैसे साझा नदी विषय का समाधान किस ढंग से किया जाए। यदि पड़ोसी देश अपने जल संसाधनों से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं में किसी तीसरे देश को शामिल करता है तो भारत के लिए बातचीत का महत्व और बढ़ जाता है। क्योंकि नदी सीमा नहीं मानती। उसके प्रवाह में किया गया परिवर्तन ऊपर और नीचे रहने वाले दोनों देशों को प्रभावित कर सकता है।

दिलचस्प बात यह है कि बांग्लादेश भी अब यह संकेत देने लगा है कि तीस्ता परियोजना के कारण भारत के साथ उसके संबंध खराब नहीं होने चाहिए। जल संसाधन मंत्री शाहिदुद्दीन चौधरी एनी ने कहा है कि उनका देश तीस्ता मुद्दे के कारण भारत के साथ पुराने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता।

इस बयान को केवल औपचारिक सफाई मानना ठीक नहीं होगा। इसके पीछे बांग्लादेश की वास्तविक आवश्यकता भी दिखाई देती है। चीन निवेश और तकनीकी सहयोग दे सकता है, लेकिन भारत उसका निकटतम पड़ोसी है। दोनों देशों के बीच सीमा, व्यापार, ऊर्जा, जल, संपर्क और सुरक्षा से जुड़े अनेक विषय सीधे जुड़े हुए हैं। इसलिए ढाका के लिए चीन और भारत के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा।

बांग्लादेश की स्थिति भी समझने योग्य है। तीस्ता के कारण उसके उत्तरी क्षेत्रों में बाढ़, नदी कटाव और सूखे के समय पानी की कमी जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। इसी कारण वह नदी प्रबंधन की व्यापक परियोजना को आगे बढ़ाना चाहता है। बांग्लादेश के अधिकारियों का कहना है कि परियोजना का उद्देश्य नदी का प्रशिक्षण, गाद निकालना और जल संरक्षण जैसे कार्यों के माध्यम से स्थानीय लोगों की समस्याएं कम करना है। चीन ने इस दिशा में अपनी तकनीकी क्षमता और वित्तीय सहयोग की पेशकश की है।

भारत के सामने इसलिए केवल विरोध करने का विकल्प नहीं है। बेहतर रास्ता यह है कि वह बांग्लादेश को यह विश्वास दिलाए कि भारत उसकी जल संबंधी चिंताओं को समझता है और दीर्घकालिक समाधान के लिए साथ चलने को तैयार है। साथ ही ऐसी किसी परियोजना में भारत की सुरक्षा, पर्यावरण और पश्चिम बंगाल के हितों की अनदेखी न हो, यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है।

इसी दिशा में भारत ने तीस्ता से जुड़े अपने पुराने रुख को दोहराते हुए संकेत दिया है कि इस संवेदनशील विषय का समाधान द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से होना चाहिए। तीस्ता का प्रश्न केवल ढाका और नई दिल्ली के बीच कागजी समझौते से हल नहीं होगा। पश्चिम बंगाल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि नदी का बड़ा हिस्सा भारतीय भूभाग में बहता है और जल बंटवारे का प्रभाव सीधे राज्य पर पड़ता है।

भारत ने हाल में तीस्ता बैराज और नदी बेसिन के भविष्य को लेकर उच्चस्तरीय समिति गठित की है। समिति वर्तमान जल उपयोग, भविष्य की जरूरतों, नदी प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन करेगी। इससे स्पष्ट है कि नई दिल्ली तीस्ता को केवल विदेश नीति का विषय मानकर नहीं चल रही, बल्कि अपने स्तर पर भी परियोजना और नदी प्रबंधन की समीक्षा कर रही है।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश यही है कि दक्षिण एशिया में अब पानी भी कूटनीति का महत्वपूर्ण हथियार बन चुका है। चीन के लिए तीस्ता आर्थिक और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का अवसर हो सकता है। बांग्लादेश के लिए यह जल संकट से निपटने और विकास का माध्यम है। वहीं भारत के लिए यह जल सुरक्षा, पड़ोसी संबंध और राष्ट्रीय सुरक्षा–तीनों से जुड़ा प्रश्न है।

भारत को यहां भावनाओं से नहीं, दूरदृष्टि से काम करना होगा। केवल चीन की भूमिका पर आपत्ति जताने से समस्या का समाधान नहीं होगा। बांग्लादेश को विकल्प, सहयोग और भरोसा देना भी उतना ही आवश्यक है। यदि भारत तीस्ता के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो वह चीन की बढ़ती पकड़ को स्वाभाविक रूप से संतुलित कर सकता है।

आखिरकार पड़ोसी देशों के रिश्ते केवल नारों और बयानों से नहीं चलते। साझा नदियां, सीमाएं और आर्थिक हित उन्हें एक–दूसरे से जोड़ते हैं। बांग्लादेश का चीन के साथ बढ़ता सहयोग भारत के लिए चेतावनी जरूर है, लेकिन इसे संकट मान लेना भी उचित नहीं होगा। यह भारत के लिए अपनी कूटनीति को और मजबूत करने का अवसर है।

तीस्ता की धारा में पानी के साथ राजनीति भी बह रही है। चीन अपनी जगह बनाने की कोशिश में है, बांग्लादेश अपने हित साधना चाहता है और भारत अपनी सुरक्षा तथा क्षेत्रीय प्रभाव को सुरक्षित रखना चाहता है। ऐसे में आने वाले समय की असली परीक्षा यही होगी कि दिल्ली अपने हितों की रक्षा करते हुए ढाका का भरोसा कितनी मजबूती से जीत पाती है। यही संतुलन तय करेगा कि तीस्ता भविष्य में तनाव की धारा बनेगी या भारत-बांग्लादेश सहयोग का नया रास्ता।

## विचार विंडो

# गाय को चारा नहीं, हम रोज कचरा क्यों खिला रहे हैं?

सड़क किनारे प्लास्टिक, कागज, कपड़े और भोजन के अवशेषों के बीच चारा तलाशती गाय का दृश्य अब शहरों में आम होता जा रहा है। इसे देखकर हम कुछ क्षण के लिए विचलित होते हैं, पशु–प्रेम की बातें करते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि गाय सड़क पर कचरा खाने के लिए मजबूर क्यों है? क्या केवल गाय की सुरक्षा के लिए गोशालाएं और पशु चिकित्सा सेवाएं पर्याप्त हैं? या फिर हमें अपने घर से निकलने वाले कचरे की जिम्मेदारी भी समझनी होगी?



संदीप कुमार गुप्ता

विडंबना देखिए कि जिस गौवंश को हम श्रद्धा और सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, उसी के सामने हम खुले में कचरे का ढेर छोड़ देते हैं। कचरे में भोजन के साथ प्लास्टिक और दूसरी अनुपयुक्त वस्तुएं मिली होती हैं। भूखी गाय भोजन की तलाश में इन्हें भी निगल सकती है। यह केवल पशु कल्याण का प्रश्न नहीं, बल्कि हमारी नागरिक आदतों और नगर व्यवस्था की परीक्षा भी है।

समस्या का स्थायी समाधान सड़क किनारे कचरा उठाने तक सीमित नहीं हो सकता। कचरे की यात्रा घर से शुरू होती है और वहीं पहली जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। घर, दुकान, कार्यालय और आवासीय परिसर से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग रखना जरूरी है।



गीले और सूखे कचरे को मिलाकर बाहर फेंक देने से आगे उसकी छंटाई कठिन हो जाती है।

यदि भोजन का कचरा अलग रखा जाए और प्लास्टिक, कागज, कपड़े जैसी वस्तुएं अलग की जाएं, तो पशुओं के उसके संपर्क में आने की संभावना घटाई जा सकती है। इसके लिए किसी बड़े अभियान से ज्यादा जरूरी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव है।

आवासीय परिसरों में भी कचरा प्रबंधन को केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी मान लेना उचित नहीं। निवासी कचरा अलग करके दें, प्रबंधन निगरानी करे और संग्रह करने वाली संस्था निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उसे आगे पहुंचाए। नियम बनाना आसान है, लेकिन उनका पालन सुनिश्चित करना असली चुनौती है।

अक्सर माना जाता है कि घर या सोसाइटी से कचरा उठ गया, अब जिम्मेदारी समाप्त हो गई। वास्तव में जिम्मेदारी की अगली कड़ी वहीं से शुरू होती है। कचरा कहां गया, उसका परिवहन कैसे हुआ, उसका प्रसंस्करण या पुनर्चक्रण हुआ अथवा नहीं–इन सवालों का जवाब व्यवस्था के पास होना चाहिए। जहां स्थानीय नियमों के तहत अभिलेख या प्रमाण रखने की आवश्यकता हो, वहां आवासीय परिसरों को संग्रह, परिवहन, प्रसंस्करण और निस्तारण से जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखने चाहिए। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना भी आसान होगा।

यह भी समझना जरूरी है कि हर आवासीय सोसाइटी पर समान कानूनी दायित्व स्वतः लागू नहीं माने जा सकते। किसी परिसर पर कौन से प्रावधान लागू होंगे, यह उसकी श्रेणी, कचरे की मात्रा, स्थानीय निकाय के निर्देशों और संबंधित नियमों पर निर्भर कर सकता है।

कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में कानूनी व्यवस्था भी बदल चुकी है। भारत सरकार ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं, जिन्होंने वर्ष 2016 के नियमों का स्थान लिया और एक अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए। नए प्रावधानों में स्रोत पर कचरे को चार धाराओं-गीला, सूखा, स्वच्छता संबंधी तथा विशेष देखभाल वाले कचरे–में अलग करने की व्यवस्था की गई है। बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों और परिसरों के लिए भी अतिरिक्त जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। इसलिए आवासीय समितियों को केवल कचरा उठवाने तक सीमित रहने के बजाय अपने ऊपर लागू प्रावधानों की जानकारी लेकर स्थानीय निकाय के साथ समन्वय करना चाहिए।

गौवंश के प्रति हमारी आस्था तभी सार्थक मानी जाएगी, जब वह हमारे व्यवहार में दिखाई दे। गाय को चारा खिलाना पुण्य मानना अच्छी बात है, लेकिन उसके रास्ते में प्लास्टिक का ढेर छोड़ देना उसी भावना को कमजोर करता है। मंदिर के बाहर रोटी खिलाने से लेकर सड़क पर कचरा फेंकने तक हमारी दोहरी आदतें सवाल खड़े करती हैं। गौवंश की सुरक्षा के लिए नगर निकायों को खुले कचरा स्थलों पर निगरानी बढ़ानी होगी। कचरा संग्रहण की नियमितता सुनिश्चित करनी होगी और जहां पशुओं की आवाजाही अधिक है, वहां विशेष सावधानी बरतनी होगी। साथ ही नागरिकों को भी यह समझना होगा कि सड़क या खाली भूखंड कचरा फेंकने की जगह नहीं हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी एक कर्मचारी, सफाईकर्मी, दुकानदार या निवासी को दोषी ठहराने से समस्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए पूरी व्यवस्था को जिम्मेदार बनाना होगा। घर से कचरा अलग होगा, सोसाइटी निगरानी करेगी, अधिकृत माध्यम से संग्रह होगा और आगे उचित प्रसंस्करण सुनिश्चित किया जाएगा–तभी बदलाव दिखाई देगा। आखिर गाय को प्लास्टिक खाने से बचाने की शुरुआत गोशाला से नहीं, हमारी अपनी कूड़ेदान की आदत से होगी। यदि हम सचमुच गौवंश के प्रति सम्मान रखते हैं तो उसकी सुरक्षा की पहली परीक्षा हमारे घर के दरवाजे पर ही है। स्वच्छ सड़क, सुरक्षित पशु और स्वस्थ पर्यावरण किसी अभियान के पोस्टर से नहीं, बल्कि रोज निभाई जाने वाली सामूहिक जिम्मेदारी से बनेगा।

## फाइनल में जगह पक्की करने के लिए नीरज के पास बड़ा मौका

# लुसाने डायमंड लीग में आमने-सामने होंगे नीरज चोपड़ा और पथिरागे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के बाद अब 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में एक्शन में नजर आएंगे। इस मुकाबले में नीरज की नजरें शानदार प्रदर्शन करने के साथ-साथ डायमंड लीग फाइनल में जगह पक्की करने पर भी होंगी।

लुसाने में उनका सामना एक बार फिर श्रीलंका के रुमेश पथिरागे से होगा, जिन्होंने हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स में नीरज को पीछे छोड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता था, जबकि नीरज को सिल्वर से संतोष करना पड़ा था। पथिरागे इस सीजन शानदार फॉर्म में हैं और 9 इवेंट में से 8 में जीत हासिल कर चुके हैं। वह पहले ही डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दूसरी ओर नीरज चोपड़ा फिलहाल 6 अंकों के साथ डायमंड लीग रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। फाइनल के लिए टॉप-6 खिलाड़ी ही क्वालिफाई करेंगे, इसलिए लुसाने का मुकाबला नीरज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

चार और पांच सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें यहां बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नीरज ने बैक इंजरी से उबरने के बाद इस सीजन वापसी की है और चोट के कारण वह कुछ अहम प्रतियोगिताओं से बाहर रहे थे।

वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम ने लुसाने डायमंड लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। वह एशियन गेम्स की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका में ट्रेनिंग कर रहे हैं। जर्मनी के यूरोपीय चैंपियन जूलियन वेबर भी प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होंगे।

हालांकि, नीरज के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, क्योंकि मौजूदा विश्व चैंपियन केशोर्न वालकॉट और ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स जैसे मजबूत खिलाड़ी भी मैदान में उतरेंगे। ऐसे में लुसाने में नीरज के प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेंगी।

# द ट्रेटर्स-2 से रणवीर बरार और अभिषेक मल्हान का सफर खत्म

## डेथ कार्ड से लेकर वोटिंग तक, तीन बड़े खिलाड़ियों के बाहर होने से आया बड़ा ट्विस्ट







**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो का चर्चित रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' इन दिनों अपने जबरदस्त ट्विस्ट, चालबाजी और कंटेस्टेंट्स के बीच बढ़ते शक को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है। करण जौहर की मेजबानी वाले इस शो में हर एपिसोड के साथ रिश्ते बदल रहे हैं और कंटेस्टेंट्स के लिए गेम और मुश्किल होता जा रहा है। इसी बीच शो से तीन चर्चित नामों रणवीर बरार, अभिषेक मल्हान और पारुल गुलाटी का सफर खत्म हो गया है। सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार की किस्मत का फैसला एक कार्ड आधारित चैलेंज के दौरान हुआ। उन्हें दो 'डेथ कार्ड' मिले, जिसके बाद उनका गेम वहीं खत्म हो गया। रणवीर के बाहर होने से शो में बड़ा उलटफेर देखने को मिला।

वहीं, अभिषेक मल्हान भी ट्रेटर्स के निशाने पर आ गए थे। अभिषेक लगातार गुप्त रूप से खेल रहे ट्रेटर्स की पहचान करने की कोशिश कर रहे थे।

उनकी तेज रणनीति और लगातार सवाल उठाने की आदत उन्हें दूसरे खिलाड़ियों के लिए बड़ा खतरा बना रही थी। आखिरकार ट्रेटर्स ने उन्हें रास्ते से हटाने का फैसला किया और उनका भी शो से सफर खत्म हो गया।

दूसरी ओर, पारुल गुलाटी लगातार क्रिस्टल डिसूजा पर नजर रख रही थीं। उन्हें शक था कि क्रिस्टल गेम में कुछ छिपा रही हैं। इसी शक के चलते पारुल को 'सर्कल ऑफ शक' में खड़ा किया गया। वोटिंग के दौरान मुकाबला टाई रहा, लेकिन कुल्लू के वोट ने पूरा फैसला बदल दिया और पारुल को शो से बाहर होना पड़ा।

शो से बाहर निकलते समय पारुल काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ वोट के जरिए बाहर किए जाने की वजह से नहीं रो रही हैं, बल्कि इस बात से भावुक हैं कि इस खेल में किसी पर भी पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल है।

उन्हें लगा था कि वह गेम को अच्छी तरह आगे बढ़ा रही हैं, लेकिन उनकी रणनीति उन्हें सुरक्षित रखने में कामयाब नहीं हो सकी। 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' में अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 21 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स शामिल हुए हैं। सभी खिलाड़ी कैश प्राइज जीतने के लिए मुकाबला कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें गेम में छिपे ट्रेटर्स को पहचानने की चुनौती भी है। रणवीर, अभिषेक और पारुल के बाहर होने के बाद अब बचे हुए कंटेस्टेंट्स के बीच मुकाबला और भी ज्यादा दिलचस्प होने वाला है।

# महिला एशिया कप में फिर उठेगा 'ट्रॉफी विवाद' का सवाल

## भारत चैंपियन बना तो क्या मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगी टीम इंडिया






**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2026 की शुरुआत 28 अगस्त से यूएई में होने जा रही है और टूर्नामेंट के सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस बार कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय महिला टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथों में होगी, लेकिन टूर्नामेंट से पहले ही एक ऐसा सवाल चर्चा में है, जिसका संबंध मैदान से ज्यादा अवॉर्ड सेरेमनी से है। अगर भारतीय टीम एशिया कप का खिताब जीतती है तो क्या वह एशियन क्रिकेट काउंसिल के मौजूदा प्रमुख और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेंगी? बीसीसीआई ने अभी तक इस मामले में अपना रुख साफ नहीं किया है। दरअसल, पिछले साल पुरुष एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद भारतीय टीम ने अवॉर्ड सेरेमनी में मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी अपने साथ ले गए थे और यह मामला काफी विवादों में रहा। बताया जाता है कि वह ट्रॉफी अभी भी एसीसी के कार्यालय में रखी हुई है। महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है और दोनों टीमों के बीच मुकाबला 5 सितंबर को होगा। ऐसे में क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले के साथ-साथ संभावित फाइनल की अवॉर्ड सेरेमनी पर भी रहेंगी। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, बीसीसीआई ने फिलहाल इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक रुख स्पष्ट नहीं किया है और वह अवॉर्ड सेरेमनी के समय स्थिति के अनुसार फैसला लेने की रणनीति अपना सकता है। विवाद से बचने के लिए एक विकल्प यह हो सकता है कि मोहसिन नकवी खुद ट्रॉफी न दें और एसीसी का कोई अन्य अधिकारी विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपे। इस मामले को सुलझाने के लिए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईसीसी बैठक के दौरान नकवी से मुलाकात भी की थी। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बावजूद ट्रॉफी का विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अब महिला एशिया कप में अगर भारत चैंपियन बनता है, तो एक बार फिर सबकी नजरें बीसीसीआई और मोहसिन नकवी के रुख पर रहेंगी।




# राजपाल यादव का दर्द, मुझे कोई पैसों से नहीं खरीद सकता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चेक बाउंस विवाद के बीच बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने अपने संघर्ष, आर्थिक मुश्किलों और सिनेमा के प्रति अपने समर्पण पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी अस्थायी आर्थिक या कानूनी परेशानियां उनके दशकों लंबे अभिनय करियर और कला के प्रति उनकी निष्ठा को कम नहीं कर सकतीं।

राजपाल यादव ने कहा कि अगर किसी का पैसा उन पर बकाया है तो वह उसे चुकाने की जिम्मेदारी समझते हैं, लेकिन किसी कलाकार की पूरी पहचान को उसके आर्थिक संकट के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "मुझे 5 करोड़, 10 करोड़, 100 करोड़ या 250 करोड़ रुपये में कोई नहीं खरीद सकता, क्योंकि मैं बचपन से कला के नाम पर बिका हुआ हूं। मुझे कोई पैसों से नहीं खरीद सकता।"

अभिनेता ने खुद को भारतीय सिनेमा का छात्र और रंगमंच का पुजारी बताते हुए कहा कि वह भारत मुनि की नाट्य परंपरा से प्रेरित हैं। उन्होंने जीवन को एक मंच बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति यहां एक किरदार निभाता है और अंत में अपने अच्छे-बुरे कामों का मूल्यांकन करता है।

राजपाल यादव ने यह भी कहा कि वह साल 2000 से 2026 तक की अपनी पूरी सिनेमाई यात्रा और योगदान को दर्शकों के सामने लाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें एक-दो साल भी लग जाएं तो वह पीछे नहीं हटेंगे।

उनका यह बयान लंबे समय से चल रहे चेक बाउंस मामलों के बीच आया है। दिल्ली हाई कोर्ट में राजपाल यादव और उनकी पत्नी राधा राजपाल यादव से जुड़े वित्तीय विवादों पर सुनवाई हुई है। अदालत ने बकाया राशि चुकाने के लिए उन्हें समय दिया था। कुछ आंशिक भुगतान के बाद राहत मिली, लेकिन मामला पूरी तरह सुलझा नहीं है। हाल ही में राजपाल यादव 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आए थे।

# इमरान हाशमी की पहली हीरोइन अपर्णा तिलक अब कहां हैं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने साल 2003 में फिल्म 'फुटपाथ' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ अपर्णा तिलक नजर आई थीं, जिन्होंने 'शालिनी' नाम की एक सादगी भरी अंग्रेजी टीचर का किरदार निभाया था। फिल्म में इमरान के किरदार रघु को शालिनी से प्यार हो जाता है और दोनों की कहानी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। अपनी खूबसूरती, मुस्कान और सहज अभिनय से अपर्णा ने रातोंरात पहचान बना ली थी।

फिल्मों के साथ-साथ अपर्णा ने टीवी की दुनिया में भी खूब काम किया। वह 'फैमिली नंबर वन', 'हैलो फ्रेंड्स', 'जीत', 'कोई आप सा' और 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' जैसे लोकप्रिय शोज में नजर आईं। हालांकि, सफलता मिलने के बावजूद उन्होंने करीब 17 साल पहले एक्टिंग और शोबिज की दुनिया को अलविदा कह दिया।

एक इंटरव्यू में अपर्णा ने बताया था कि एक्टिंग छोड़ने के बाद वह अपने पति के साथ दुबई शिफ्ट हो गईं। ग्लैमर की दुनिया से दूर उन्होंने अपने करियर की नई शुरुआत की और टैरो कार्ड रीडर बन गईं। आज वह इसी पेशे से जुड़ी हुई हैं और अपनी नई जिंदगी से काफी खुश हैं।

समय के साथ अपर्णा के लुक में भी काफी बदलाव आया है। हालांकि वह लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन सिनेमा के प्रति उनका लगाव आज भी कायम है। उन्होंने संकेत दिया था कि अगर भविष्य में उन्हें कोई पसंदीदा और बेहतरीन भूमिका मिलती है, तो वह दोबारा कैमरे के सामने लौटने पर विचार कर सकती हैं।

### दोहरे हत्याकांड से दहला लखनऊ

# पति ने की बैंक मैनेजर पत्नी की हत्या बहन को गोली मारकर की खुदकुशी

**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई दोहरी हत्या और आत्महत्या की घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक, मानस मिश्रा ने गोमतीनगर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के बाहर अपनी पत्नी दिव्या मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। दिव्या बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थीं। वारदात के बाद मानस वहां से कार से अपने घर पहुंचा, जहां उसने अपनी बीमार बहन शीबा बाजपेई को भी गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।




पुलिस के अनुसार, मानस ने बैंक पहुंचकर फोन के जरिये दिव्या को कार्यालय से बाहर बुलाया था। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई, जिसके बाद उसने गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर बैंक कर्मचारी और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल दिव्या को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दिव्या ने करीब एक साल पहले पति मानस से तलाक के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। घटना के बाद पुलिस ने मानस के घर से एक तमंचा, दो पिस्तौल और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस को जांच के दौरान मानस के मोबाइल से एक संदेश भी मिला। इसमें

### वॉट्सएप स्टेटस पर लिखा-धोखा दे रही थी

### लखनऊ में पति ने पत्नी और बहन को गोली मारी

### पत्नी से विवाद के बाद पुलिस ने जांच की तेज

उसने पत्नी पर धोखा देने का आरोप लगाया और बहन तथा खुद को मारने की बात लिखी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, संदेश और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना की वजह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# पुलिस का भट्टी नेटवर्क पर शिकंजा आतंकी घोषित करने की सिफारिश

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने शहजाद भट्टी और उसके नेटवर्क से जुड़े सदस्यों को आतंकी घोषित करने के लिए गृह मंत्रालय से सिफारिश की है। पुलिस के अनुसार, जांच में नेटवर्क के पाकिस्तान स्थित खुफिया तंत्र से संपर्क और युवाओं को प्रभावित करने की गतिविधियों के संकेत मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियां नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्कों और गतिविधियों की पड़ताल कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता और विशेष कार्यबल की कार्रवाई में अब तक 12 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 52 आरोपियों की गिरफ्तारी की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से हथियार, कारतूस, चाकू, ज्वलनशील पदार्थ और आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए गए हैं। जांच में युवाओं को धन और काम का लालच देकर कथित रूप से धमकी, आगजनी, रेकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल कराने के आरोप सामने आए हैं। पुलिस ने जुलाई में गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर



### नेटवर्क से जुड़े 52 आरोपी अब तक गिरफ्तार

### गृह मंत्रालय से की चौथी अनुसूची में शामिल करने की मांग

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की धारा 35 के तहत नेटवर्क और उसके सदस्यों को आतंकी घोषित करने तथा चौथी अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया। इससे पहले मई में केंद्रीय एजेंसियों के साथ अभियान चलाकर करीब 175 संदिग्धों की जांच की गई थी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने परिवार को रौंदा, तीन की मौत

### बबीना में बाइक को पीछे से मारी जोरदार टक्कर

### बेटी की प्रसूति के बाद लौट रहा परिवार

**यूनिक समय, झांसी।** झांसी के बबीना थाना क्षेत्र में बुधवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चार वर्षीय मासूम भानू, उसकी दादी उर्मिला और पड़ोसी रविंद्र पाल की मौत हो गई, जबकि बच्चे के दादा आनंद रजक गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा रात करीब साढ़े आठ बजे महिमा ढाबे के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रक बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटता ले गया। दुर्घटना में भानू और उसकी दादी की मौके पर ही मौत हो गई।

सड़क पर शवों के अवशेष काफी दूर तक बिखर गए। घायल रविंद्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां देर रात उसकी भी मौत हो गई।

परिजन ने बताया कि आनंद और उर्मिला अपनी बेटी तथा नवजात नातिन को अस्पताल में देखने गए थे। लौटते समय पोता भानू भी दादी के साथ जाने की जिद करने लगा। पड़ोसी रविंद्र बाइक चला रहा था। रास्ते में ट्रक ने पीछे से बाइक को कुचल दिया।

हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बच्चे का शव देखकर पिता महेंद्र बेसुध हो गया। वहीं रविंद्र की पत्नी और मां भी उसकी मौत की खबर सुनकर बदहवास हो गईं। रविंद्र की शादी महज 11 महीने पहले हुई थी और वह परिवार का भरण-पोषण करता था।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि घायल का उपचार जारी है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने ताजमहल का किया दीदार



**यूनिक समय, आगरा।** आगरा में गुरुवार को जापान का 240 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। जेपी होटल में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों के साथ दल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल के आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए।

जापान के यामानाशी के गवर्नर और उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी ताजमहल पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने स्मारक के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और इसकी ऐतिहासिक तथा स्थापत्य विरासत की जानकारी ली। प्रशासन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के आगरा दौरे से भारत-जापान के सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूती मिलेगी।

ताजमहल भ्रमण के बाद प्रतिनिधिमंडल लखनऊ रवाना होगा,

### 240 सदस्यीय दल का आगरा में प्रशासन ने किया स्वागत

जहां 21 अगस्त को जापान-उत्तर प्रदेश व्यापार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसमें जापानी निवेश, औद्योगिक सहयोग, तकनीकी हस्तांतरण, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर चर्चा होगी।

यह प्रतिनिधिमंडल 18 से 23 अगस्त तक भारत और उत्तर प्रदेश के दौरे पर है। इसके ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि दौरे से प्रदेश में जापानी निवेश और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। आगरा में प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी रखी गई।

# मिस इंटरनेशनल ने देखी ताजमहल की खूबसूरती




**यूनिक समय, आगरा।** आगरा में बुधवार शाम मिस इंटरनेशनल 2025 कैटालिना ड्यूक और मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 रूश सिंधु ने ताजमहल का दीदार किया। दोनों करीब शाम पांच बजे स्मारक पहुंचीं और लगभग एक घंटे तक परिसर में रहीं। इस दौरान बारिश होती रही, लेकिन मौसम ने उनके उत्साह को कम नहीं किया। दोनों ने ताजमहल के सामने कई तस्वीरें खिंचवाईं और स्मारक की वास्तुकला को करीब से देखा।

ताजमहल की सुंदरता और बारीक नक्काशी देखकर कैटालिना ड्यूक काफी प्रभावित नजर आईं। स्मारक देखने के बाद उन्होंने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा, "ओह वॉव, इट्स वेरी ब्यूटीफुल।" बारिश के बीच उन्होंने ताजमहल के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

रूश सिंधु ने ताजमहल को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्व स्तर पर देश की पहचान का प्रतीक बताया। दोनों ने गाइड रमेश से ताजमहल के इतिहास, वास्तुकला और संगमरमर पर की गई पच्चीकारी की जानकारी ली। परिसर में मौजूद

### बारिश के बीच दोनों सुंदरियों ने स्मारक संग तस्वीरें खिंचवाईं

पर्यटकों में भी दोनों को देखने को लेकर उत्साह दिखाई दिया। कई पर्यटकों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।


कैटालिना ड्यूक कोलंबिया की मॉडल हैं। उन्होंने 27 नवंबर 2025 को जापान के टोक्यो में आयोजित 63वीं मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में खिताब जीता था। प्रतियोगिता में करीब 80 देशों और क्षेत्रों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इससे पहले वह मिस कोलंबिया 2024 भी रह चुकी हैं।

वहीं नागपुर की रूश सिंधु ने मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 का खिताब हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में भारत का प्रतिनिधित्व किया और प्रतियोगिता में शीर्ष 20 प्रतिभागियों में जगह बनाई। आगरा यात्रा के दौरान दोनों की ताजमहल यात्रा पर्यटकों के बीच भी आकर्षण का केंद्र रही।

# यूपी में बारिश से 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदियों के उफान से 13 जिलों में 84 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले 48 घंटे में मकान ढहने और बारिश से जुड़ी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो चुकी है। मिर्जापुर में तीन, जौनपुर में दो और अमेठी में एक व्यक्ति की जान गई है।

वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट जलमग्न हो गए हैं। शवदाह के लिए जगह नहीं बचने पर हरिश्चंद्र घाट की गलियों और सीढ़ियों तथा मणिकर्णिका घाट की छत पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है। शहर के सौ से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों में भी गंगा का पानी पहुंच गया है। विश्वनाथ मंदिर का गंगा



द्वार बंद कर दिया गया है। प्रयागराज में चार दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश ने मुश्किल बढ़ा दी है।

दारागंज, करेली और सलोरी समेत कई इलाकों में घरों में तीन फीट तक पानी भर गया। सात हजार से अधिक परिवार छतों पर रहने को मजबूर हैं, जबकि दो हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने छात्रावास खाली कर दिए। उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी को 24 से 48 घंटे में पानी निकालने के निर्देश दिए हैं।

सोनभद्र में कनहर बांध का जलस्तर बढ़ने पर 14 फाटक खोल

### काशी में घाट डूबे, गलियों में अंतिम संस्कार जारी

### प्रयागराज में घरों और छात्रावासों में पानी घुसा

### सोनभद्र में बांध के 14 फाटक एक साथ खोले गए

दिए गए। चित्रकूट, अयोध्या और गोंडा में नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। गोंडा के 12 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बिजनौर में खो नदी के उफान से मंदिर और पेड़ पानी में समा गए। फर्रुखाबाद के 30 गांव प्रभावित हैं, जहां प्रशासन ने नावें और मोटर नौकाएं तैनात की हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के 63 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है।

## अलीगढ़ में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**यूनिक समय, अलीगढ़।** देहली गेट थाना क्षेत्र के शाहजमाल स्थित मायावती क्वार्टर में बुधवार देर रात युवक का गला कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कादिर के बेटे राशिद के रूप में हुई है। घर के अंदर फर्श पर खून फैला था और शव के पास चाकू बरामद हुआ। परिजनों ने राशिद की पत्नी, साले, ससुर और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस को अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# वंदे मातरम विवाद पर अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी को घेरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वंदे मातरम को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1937 में तुष्टिकरण की राजनीति के तहत वंदे मातरम के दो हिस्से किए थे और इसी फैसले ने देश के विभाजन की नींव मजबूत करने का काम किया।

अमित शाह ने कांग्रेस कार्यसमिति के उस निर्णय पर आपत्ति जताई, जिसमें पार्टी के कार्यक्रमों में वंदे मातरम के शुरुआती दो छंद ही गाने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर 1937 के अपने निर्णय का अनुसरण कर रही है। उनके अनुसार, वंदे मातरम देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण प्रेरणास्रोत रहा है और इसके सम्मान से जुड़ा विषय राजनीतिक विवाद का कारण नहीं बनना चाहिए।



### वंदे मातरम के दो छंद गाने पर जताई आपत्ति

### कांग्रेस पर शहीदों के अपमान का लगाया आरोप

### तुष्टिकरण की राजनीति पर फिर साधा निशाना

शाह ने कहा कि वंदे मातरम का नारा लगाते हुए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया और जेल की यातनाएं सहीं। ऐसे में इसके पूर्ण स्वरूप को लेकर कांग्रेस का निर्णय उन शहीदों के योगदान का अपमान है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वंदे मातरम के 150वें वर्ष के अवसर पर इसके पूर्ण गायन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रयास किया है।

गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में फिर तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने देशवासियों से कांग्रेस के निर्णय का विरोध करने की अपील की। शाह ने कहा कि देश को अतीत की गलतियों से सीख लेकर ऐसी राजनीति से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के इस फैसले का राजनीतिक और विधायी स्तर पर विरोध करेगी।

# सजायाफ्ता पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन

### तिहाड़ जेल में काट रहे थे उम्रकैद की सजा

### 1984 दंगा मामले में ठहराए गए थे दोषी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 1984 के सिख-विरोधी दंगों के मामलों में दोषी ठहराए गए कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। समाचार एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सज्जन कुमार को दिल्ली कैंट की पालम कॉलोनी में पांच सिखों की हत्या और गुरुद्वारा जलाने के मामले में दोषी पाया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 दिसंबर 2018 को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद सितंबर 2023 में राउज एवेन्यू न्यायालय ने सुल्तानपुरी में तीन सिखों की हत्या के मामले में उन्हें बरी कर दिया था।

एक अन्य मामले में सरस्वती विहार में एक नवंबर 1984 को सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। आरोप था कि दंगाइयों ने दोनों पर लोहे की सरियों और लाठियों से हमला किया और बाद में उन्हें जिंदा जला दिया। इस मामले में सज्जन कुमार को 12 फरवरी 2025 को दोषी ठहराया गया और 25 फरवरी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

# तेलंगाना प्रिंसिपल हत्याकांड में दो नाबालिग गिरफ्तार

### आखिरी बातचीत के शब्द से खुला हत्या का राज

### चोरी की योजना बना कर घर में घुसे छात्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के नलगोंडा में स्कूल प्रिंसिपल कल्लू रूपा रेड्डी की हत्या के मामले में पुलिस ने दसवीं कक्षा के दो छात्रों को हिरासत में लिया है। 48 वर्षीय रूपा रेड्डी 12 अगस्त को अपने घर में मृत मिली थीं। पुलिस के अनुसार, उनके शरीर पर चाकू से 27 वार किए गए थे।

जांच के दौरान पुलिस को रूपा रेड्डी की अपनी रिश्तेदार से हुई आखिरी फोन बातचीत अहम सुराग मिली। बातचीत के दौरान उन्होंने 'बाबू' शब्द कहा था। इसके बाद पुलिस ने स्कूल के छात्रों की गतिविधियों की जांच शुरू की। पांच छात्रों से पूछताछ के बाद दो संदिग्धों पर शक गहराया, जो घटना के बाद से स्कूल से अनुपस्थित थे।

पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्रों ने कथित तौर पर पांच दिन पहले चोरी की योजना बनाई थी। उन्होंने घर की रेकी करने के साथ चाकू और दस्ताने खरीदे थे। वारदात के दौरान पहचान सामने आने के डर से प्रिंसिपल पर हमला किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, मोबाइल और कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। दोनों आरोपी नाबालिग हैं और जांच जारी है।

## हणोगी टनल में दो ट्रकों की भीषण भिड़ंत

# हादसे में चार की मौत, सात लोग घायल

### घायलों को नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया

### हादसे के बाद टनल में यातायात हुआ प्रभावित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हणोगी टनल में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब पौने आठ बजे टनल के भीतर दो ट्रकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए।



हादसे के बाद टनल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचा। बचावकर्मियों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के उपचार के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटना के बाद चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। टनल के बीच क्षतिग्रस्त ट्रकों के खड़े होने से वाहनों की आवाजाही में परेशानी हुई। राहत दल ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने का काम शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने मौके पर व्यवस्था संभालते हुए यातायात को सामान्य कराने का प्रयास किया।

हादसे में दोनों ट्रकों को भारी नुकसान पहुंचा है। टक्कर के कारण ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हणोगी टनल मंडी जिले में चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह और औट के बीच स्थित है। यह कुल्लू-मनाली जाने वाले प्रमुख मार्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## राहुल गांधी बोले, मोदी शासन अंतिम दौर में

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन को लेकर बड़ा राजनीतिक दावा किया। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार का समय अब अंतिम चरण में है और उनके उत्तराधिकारी की तलाश भी शुरू हो गई है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से सरकार के खिलाफ अधिक आक्रामक तरीके से राजनीतिक अभियान चलाने की सलाह दी। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में देश की राजनीतिक स्थिति, युवाओं, शिक्षा, रोजगार और सीमाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं ने सरकार की नीतियों को लेकर आगे की रणनीति पर विचार किया।

# सरकारी योजनाओं के प्रचार पर रचनाकारों को मिलेगा भुगतान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार सरकार ने सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए पंजीकृत सामाजिक माध्यम रचनाकारों को प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में बिहार सामाजिक माध्यम एवं अन्य ऑनलाइन माध्यम नियम, 2026 में बदलाव को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत सरकारी योजनाओं से संबंधित वीडियो बनाने वाले पंजीकृत रचनाकारों को वीडियो की पहुंच के आधार पर अतिरिक्त भुगतान मिलेगा। वीडियो जारी होने के 30 दिन बाद यदि उसे एक लाख बार देखा जाता है तो रचनाकार को 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। एक वीडियो के लिए अधिकतम भुगतान एक लाख रुपये निर्धारित किया गया है। सरकार पंजीकृत सामाजिक माध्यम खातों, पृष्ठों और चैनलों



### एक लाख बार देखे जाने पर मिलेंगे दस हजार रुपये

### अनुयायियों की संख्या और खातों की होगी नियमित जांच

के अनुयायियों की नियमित जांच भी करेगी। इसके साथ ही उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि प्रचार सामग्री की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनी रहे। मंत्रिमंडल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी परियोजना को मंजूरी दी है।

# मानसिक प्रताड़ना से परेशान दिव्यांग युवक ने दी जान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे में मानसिक प्रताड़ना और कथित जबरन वसूली से परेशान 26 वर्षीय दिव्यांग युवक विनोद पेमाराम चौधरी की मौत का मामला सामने आया है। घटना भोसरी स्थित एक आवासीय सोसायटी की है। पुलिस के अनुसार, विनोद ने घटना से पहले अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो बनाया था, जिसमें उसने अपनी परेशानी के बारे में बताया।

मृतक के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आरोप है कि सरोज नागनाथ माने नामक महिला ने विनोद पर सोने का झुमका रखने का आरोप लगाकर उससे एक लाख रुपये की मांग की थी। शिकायत के मुताबिक, विनोद ने कर्ज लेकर रकम महिला के खाते में भेज दी,

### पैसे की मांग और धमकियों से परेशान था युवक

### पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया

लेकिन बाद में उससे 55 हजार रुपये और मांगे गए।

परिवार ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मामले में तेजी आई और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित वसूली में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं।

## पाकिस्तान को भारत का जवाब

# हाई कमीशन के बाहर हटाया गया अवैध ढांचा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े कूटनीतिक तनाव के बीच नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने उच्चायोग के बाहर बने अनधिकृत ढांचों और अतिक्रमण को हटा दिया। यह कार्रवाई इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था हटाए जाने के तीन दिन बाद हुई है। पाकिस्तान की ओर से भारतीय उच्चायोग के बाहर लगे सुरक्षा अवरोधक और पार्किंग खंभे हटाए गए थे। इसके बाद भारत ने भी जवाबी कदम उठाते हुए पाकिस्तान उच्चायोग के वीजा अनुभाग



के पास तय परिसर की सीमा से बाहर बने अवैध ढांचों को हटाया। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों की कार्रवाई को दोनों देशों के बीच चल रहे कूटनीतिक तनाव की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राजनयिक परिसरों से जुड़े मामलों में एकतरफा कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्रवाई के बाद पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर की व्यवस्था में बदलाव दिखाई दिया। कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार, भारत का कदम पाकिस्तान की कार्रवाई के जवाब में संतुलित और जवाबी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

### इस्लामाबाद की कार्रवाई के तीन दिन बाद जवाब

### अवैध ढांचे और सुरक्षा घेरा हटाया गया

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का मनाया जन्मदिन






पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर, साथ हैं पदाधिकारी। कोसी में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**यूनिक समय, मथुरा।** गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी का 82 वां जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप जिला कांग्रेस कमेटी ने सेठबाड़ा स्थित कार्यालय पर मनाया। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने राजीव गांधी के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया।

वक्ताओं ने राजीव गांधी को याद किया। कहा कि वह 40 साल की आयु में देश में अब तक के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने। मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर कर 18 वर्ष की थी। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं को स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का श्रेय उन्हीं की प्रेरणा थी। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की शुरुआत राजीव ने की थी। वक्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर मनोज गौड़, उमाशंकर शर्मा, आशीष अग्रवाल, रूपा लवानिया, महेश चौबे, आदित्य तिवारी, गीता दिवाकर, धर्मेंद्र प्रधान, प्रेम शंकर शर्मा, अमित दीक्षित, लोकेंद्र यादव, दीपक सिंह, त्रिलोकी नाथ पांडेय, राजेश धनगर, दुर्गेश बघेल, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**छाता।** कांग्रेस नगर इकाई के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यालय चतुर्भुजी मार्केट पर भारत रत्न- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ कुरैशी ने की। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कोसीकलां।** पूर्व प्रधानमंत्री- भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 82वीं जयंती गुरुवार को पूरे देश के साथ–साथ नगर में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

भगवती रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता विमलचंद जैन ने किया।

नगर अध्यक्ष विपिन कुमार त्यागी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर किया। इस मौके पर सुनील कुमार जैन, अनुराधा वशिष्ठ, श्याम बिहारी पालीवाल, जमील रौनक, राधा मोहन लवानिया, महेश महावर, यज्ञ दत्त शर्मा, रामचरण उर्फ बेनामी प्रधान, गिर्राज पालीवाल, नवीन कुमार, योगेश शर्मा, आफताब, बीपी सिंह, रामनारायण मैथिल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने समयबद्ध दावों के निस्तारण के दिए निर्देश

## फसल बीमा के लिए 31 अगस्त तक करें आवेदन

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें खरीफ फसलों के बीमा, बीमा प्रीमियम, पॉलिसी, फसल क्षति के आकलन और बीमा दावों के निस्तारण की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को पात्र किसानों तक योजना का लाभ पारदर्शी-समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि खरीफ 2025 में किसानों को 48.71 करोड़ रुपये और रबी 2025–26 में अब तक 49.48 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की जा चुकी है। शेष दावों के निस्तारण के बाद करीब आठ से 10 करोड़ रुपये और मिलने की उम्मीद है। खरीफ 2026 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। धान का प्रीमियम 1284, बाजरा का 1022 और अरहर का 1712 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। स्थानीय आपदा में किसान 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना दें। ऋणी किसान बीमा नहीं कराना चाहते तो तय तिथि से सात दिन पहले बैंक में लिखित आवेदन दे सकते हैं।

# कोसी–कोटवन इंडस्ट्रियल एरिया के प्रदूषण से लोग त्रस्त

## 29 अगस्त को होगा बड़ा विरोध प्रदर्शन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कोसी–कोटवन इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और गंदगी से परेशान होकर नवीपुर गांव के लोग अब आंदोलन के रास्ते पर हैं। ग्रामीणों ने 29 अगस्त को प्रदूषण के खिलाफ रैली और विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

पोस्टर जारी कर आयोजकों ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाला प्रदूषण क्षेत्र की हवा, पानी और मिट्टी को दूषित कर रहा है। इससे क्षेत्र के बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य लगातार खराब हो रहा है। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ हवा, सुरक्षित कल का संकल्प लेकर प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर खींचना है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अपने बच्चों के वर्तमान और भविष्य को बचाने के लिए इस विरोध में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। आयोजक सदस्य धर्मवीर, भगत सिंह, गोविंद मुखिया, रामवीर आदि ने समस्त ग्रामवासियों और क्षेत्र के बुजुर्गों से भी अनुरोध किया है कि वे इस जनआंदोलन में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भोलू ने बताया कि रैली गांव नवीपुर माता मंदिर से शुरू होकर पूरे औद्योगिक क्षेत्र में भ्रमण करेगी। उसके बाद थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर मांग रखी जाएंगी।

# हावर्ड यूनिवर्सिटी पहुंचे देवकीनंदन सनातन पर दिया ज्ञान



हावर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कथावाचक देवकीनंदन।

**यूनिक समय, वृन्दावन।** यूएसए की हावर्ड यूनिवर्सिटी में सनातन धर्म और आध्यात्म का आधुनिक जीवन में प्रयोग और उपयोगिता पर चर्चा की गई। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने बोस्टन की हावर्ड यूनीवर्सिटी में 'सनातन धर्म और आधुनिक जीवन' पर विशेष संवाद कार्यक्रम में संबोधन दिया।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के साथ अलग–अलग सांस्कृतिक और व्यक्तिगत बैकग्राउंड वाले छात्र, पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर, फैकल्टी आदि शामिल हुए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी कम्युनिटी ने देवकीनंदन का स्वागत किया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिक डॉ. अर्जुनवीर शर्मा ने ज्ञान, मूल्य और जीवन विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को आयोजित किया। प्रतिभागियों ने आध्यात्म के साथ ही एकेडमिक और प्रोफेशनल जीवन से जुड़े अहम सवालों पर देवकीनंदन से विचार जाने। विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट के सचिव विजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम खुली बातचीत के तौर पर आयोजित किया गया था।

# एसपीएस इंटरनेशनल एकेडमी में एनसीसी चयन की प्रक्रिया संपन्न



**यूनिक समय, कोसीकलां।** राष्ट्रीय राजमार्ग–19 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल एकेडमी में बुधवार को एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। चयन के दौरान विद्यार्थियों की शारीरिक माप, 1600 मीटर दौड़, शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार लिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, देशभक्ति, सेवा भावना और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना है। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी शारीरिक क्षमता के साथ–साथ प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र राव और डायरेक्टर रेखा गुप्ता ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## बारावफात के जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह

**यूनिक समय, कोसीकलां।** रबी–उल–अव्वल महीने में आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम के विसाल की याद में नगर में निकलने वाले बारावफात के जुलूस को लेकर मुस्लिम समाज में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में घरों की छतों और दरवाजों पर हरे इस्लामी झंडे लहराए जा रहे हैं। गलियों और बाजारों को रंगीन झालरों, बैनरों और कुरानी आयतों से सजाया जा रहा है। रात में पूरे क्षेत्र को नूरानी रौशनी से सजाने की तैयारी की जा रही हैं। जुलूस कमेटी के अन्नू मुल्लाजी, फरीद चौधरी, रहीश कुरैशी, अजमेरी, अलताफ हुसैन, शाहिद कुरैशी ने बताया कि 26 अगस्त को दोपहर ढेड बजे पशु पैंठ स्थित मदरसा रजा ए मुस्तुफा से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि बारावफात का मुख्य उद्देश्य पैगम्बर की तालीमात और अमन–भाईचारे का पैगाम देना है। इस बार दुकानदार जुलूस मार्ग पर लंगर, शरबत और फल वितरण की व्यवस्था कर रहे हैं।

# संत प्रेमानंद के केलीकुंज के बाहर की रौनक गायब

**यूनिक समय, वृंदावन।** संत प्रेमानंद के यमुना विहार कुंज जाने से केलीकुंज आश्रम के आसपास दिखाई देने वाली रौनक गायब सी हो गई है। यहां आने वाले भक्त निराश होकर लौटते हैं। केलीकुंज के आसपास दिखाई देने वाली रौनक को न देखकर भी आश्चर्य चकित रह जाते हैं। सोचने लगते हैं कि आखिर क्या हुआ। महाराज यमुना विहार कुंज क्यों चले गए।

संत प्रेमानंद के सुर्खियों में आने के बाद उनके दर्शन करने के लिए देश–विदेश से भक्त यहां आए। साथ ही कई बड़ी हस्तियां भी आई। केली कुंज के आसपास रौनक होना शुरु दिखाई देने लगा।

शिष्यों की इतनी अधिक भीड़ हो जाती थी कि परिक्रमा मार्ग में जाम की स्थिति बन जाती थी। मध्य रात्रि के बाद निज निवास से कैलीकुंज तक निकलने वाली पदयात्रा दर्शन के दौरान भक्तों की भीड़ हो जाया करती थी। भक्त उनके आगमन वाले रास्ते में फूल बिछाते थे, रंगोली सजाते थे। यहां तक छोटे–छोटे बच्चे विभिन्न स्वरुपों में खड़े दिखाई देते थे। पदयात्रा में बढ़ती भीड़ को देखकर कुछ समय संत प्रेमानंद सौभरिवन को अपना ठिकाना बनाया। यहां भी भक्तों की भीड़ का दबाव बढ़ गया।

फिर महाराज के शिष्यों ने शांति से साधना करने के लिए यमुना पार ग्राम बेलवन के पास यमुना विहार कुंज का निर्माण करा दिया। महाराज वहां पहुंच गए। इसी कुंज के अंदर ही एक कमरे में महाराज के स्वास्थ्य को देखते हुए मेडीकल वार्ड भी बनाया गया है। यमुना विहार कुंज में दर्शन करने के लिए आने वाले भक्तों को कैली कुंज से बस द्वारा भेजा जाता है। सीधे किसी भी भक्त को दर्शन नहीं होते। मांट से होकर ग्राम बेलवन जाने वाले मार्ग के द्वार पर आश्रम की ओर शिष्य तैनात किए हैं। वह लोगों से पूछताछ यह कर लौटा रहे हैं कि अब महाराज के दर्शन नहीं हो रहे हैं।

हालांकि बहुत से ई रिक्शा चालक और बाइक चलाने वाले भक्तों को गुमराह करके ले जाते हैं, जहां उनको निराशा हाथ लगती है।

उधर, यमुना विहार कुंज में संत प्रेमानंद के चले जाने से कैली कुंज आश्रम के आसपास लगने वाली दुकानें बंद हो गई है। गेस्ट हाउस खाली से दिखाई देने लगे हैं। महाराज जब तक यहां रहे, तब तक इस क्षेत्र में रौनक दिखाई देती थी।

# शिक्षिका और किशोर छात्र की प्रेम कहानी बनी चर्चा

## आगरा में छात्र–शिक्षिका के लापता होने से मचा हड़कंप

## पुलिस ने मथुरा और दिल्ली से दोनों को बरामद कर पूछताछ शुरू की

**यूनिक समय, आगरा।** शहर के एक निजी विद्यालय के 11वीं कक्षा के छात्र और उसकी शिक्षिका के अचानक घर से चले जाने का मामला चर्चा में है। छात्र के लापता होने पर परिजनों ने शिक्षिका पर उसे बहला–फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों की तलाश शुरू की।

पुलिस जांच में सामने आया कि छात्र और शिक्षिका स्कूटी से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वहां से दोनों ट्रेन से ग्वालियर गए और फिर बयाना पहुंचे। बयाना में दोनों कैला देवी मंदिर भी गए। इसके बाद वे मथुरा पहुंचे। इस दौरान छात्र के परिजन उसकी तलाश को लेकर परेशान रहे और लगातार पुलिस से संपर्क करते रहे। मथुरा पहुंचने के बाद कुछ समय तक दोनों साथ रहे। बाद में छात्र अकेले दिल्ली चला गया, जबकि शिक्षिका मथुरा में रुक गई। बुधवार रात शिक्षिका ने पुलिस को मथुरा में होने की जानकारी दी, जबकि छात्र ने खुद के दिल्ली में होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस की दो टीमें सक्रिय की गईं। एक टीम ने मथुरा पहुंचकर शिक्षिका को बरामद किया, जबकि दूसरी टीम ने दिल्ली में छात्र को तलाश लिया। दोनों को पुलिस आगरा ले आई।

बताया गया कि छात्र पढ़ाई को लेकर परिवार की डांट से परेशान था और अपनी बातें शिक्षिका से साझा करता था। इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत बढ़ने की बात सामने आई है। बुधवार को पिता की डांट के बाद छात्र विद्यालय जाने के बजाय शिक्षिका के पास चला गया था। पुलिस ने छात्र का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। उसके बयान दर्ज किए जाएंगे, जबकि शिक्षिका से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस दोनों के बीच संपर्क और आगरा से बाहर जाने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। छात्र के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।